वरुणसूक्त-उषः सूक्त-विष्णुसूक्तद्वय-पृथिवीसूक्त-शान्त्यध्याय समन्वितः—

वैदिक-सूक्त-संग्रहः ।

सायणभाष्य-महीधरभाष्य-गायत्रीभाष्य-मन्त्रार्थप्रकाशिकाख्य-टीकासहितः ।

[काशीस्थराजकीयसर्वविद्यशास्त्रिपरीक्षायां निर्द्धारितः]

टीकाकारः—

महामहोपाध्याय पं० श्रीविद्याधरशास्त्रिपुत्रः—

वेदाचार्यः पं० श्रीवेणीरामशर्मा गौडः ।

[अध्यापकः—गोयनका-संस्कृत-महाविद्यालयः, काशी]

प्रकाशकः—

र खेलाड़ीलाल एण्ड सन्स

संस्कृत बुकडिपो,

कचौड़ीगली, बनारस—१

श्रीहरिः

भूमिका

वेद हमारा प्राचीन धर्मग्रन्थ है। इस धर्मग्रन्थ द्वारा ही हमारे प्राचीन ऋषि—महर्षियोंने लोकोत्तर चिरस्थायी कीर्ति प्राप्त की है। आज भी 'भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात्प्रसिद्ध्यति' इस मनु भगवान् के प्रमाणवाद के अनुसार भूत, भविष्य एवं वर्तमान किसी भी वस्तु का निश्चय करने के लिए केवल वेद ही शरण है।

जो वेद हमारा सर्वस्व है, आज हम उस वेद से तथा उसके यथार्थ ज्ञान से सर्वथा अनभिज्ञ पाये जाते हैं, यह हमारे लिए लज्जा की बात है। वर्तमान समय में वेद की अध्ययनाध्यापन—परम्परा की न्यूनता को देखकर वेदप्रचारार्थ 'काशीस्थ गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज' के अधिकारियों ने इस वर्ष सन् १९५१ से सर्वविध शास्त्रि-परीक्षा के प्रथम खण्ड में अनिवार्य रूप से ऋग्वेद, अथर्ववेद और शुक्लयजुर्वेद के कतिपय सूक्त रख दिये हैं। शास्त्री-परीक्षा में निर्दिष्ट सभी सूक्तों को सायणादि भाष्य एवं 'मन्त्रार्थ प्रकाशिका' नाम की हिन्दी टीका से समन्वित कर हमने 'वैदिक-सूक्त-संग्रह' नाम का एक परीक्षोपयोगी सुन्दर संस्करण तैयार किया है। इस संस्करण में हमने ऋग्वेदीय सूक्तों में केवल महर्षि सायणाचार्यकृत सर्वोत्तम सरल 'सायण-भाष्य' ही दिया है। यद्यपि ऋग्वेद के स्कन्दस्वामी आदि के अन्य भी अनेकों भाष्य मुद्रित और लिखित हमारे पास प्रस्तुत हैं, किन्तु इनसे परीक्षार्थियों का कोई विशेष लाभ न देख कर हमने केवल 'सायण-भाष्य' का ही उपयोग किया है।

अथर्ववेदीय 'पृथिवीसूक्त' पर सायणाचार्य ने भाष्य न लिखकर केवल उक्त सूक्त का विनियोग लिखा है। अतः सायण-भाष्य उपलब्ध

न होने के कारण हमने 'पृथिवीसूक्त' पर 'गायत्रीभाष्य' दिया है, जो कि परीक्षार्थियों के लिए अत्यन्त सरल और उपादेय होगा।

शुक्लयजुर्वेदीय 'शान्त्यध्याय' का केवल 'महीधर-भाष्य' दिया है, जो कि सरल और मन्त्रार्थ-प्रकाशक है।

उपर्युक्त सभी सूक्तों की 'मन्त्रार्थ-प्रकाशिका' नाम की हिन्दी टीका की गयी है, जो कि मन्त्रों के यथार्थ अर्थ को बतलाने में विशेष सहायक होगी। मन्त्रार्थ में सायण-भाष्यानुसार मन्त्रों के वास्तविक अर्थ को दर्शाने की विशेष चेष्टा की गयी है। जिसकी विशेषता परीक्षार्थियों को स्वतः प्रतीत होगी।

शास्त्री-परीक्षा में निर्दिष्ट ऋग्वेदादि के सूक्तों को सरल करने की दृष्टि से हमने प्रत्येक मन्त्र का पदपाठ, भाष्य और हिन्दी में अर्थ दिया है। शुक्ल यजुर्वेद के ३६वें अध्याय में पदपाठ जानबूझकर नहीं दिया गया है। क्योंकि यह अध्याय 'रुद्राष्टाध्यायी' में होने के कारण प्रायः सभी को कण्ठस्थ रहता है। और कण्ठस्थ होने के कारण सरलता भी स्वाभाविक है।

१ (क) ऋग्वेद के प्रत्येक सूक्त का ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग एक ही है। किन्तु अथर्ववेदीय 'पृथिवी-सूक्त' और शुक्लयजुर्वेदीय 'शान्त्यध्याय' में यह बात नहीं है। अथर्ववेदीय पृथिवी-सूक्त के ऋषि और देवता तो एक-एक ही हैं, किन्तु छन्द और विनियोग मन्त्र के पृथक्-पृथक् हैं। इसी प्रकार शुक्लयजुर्वेद के ३६वें अध्याय के—शान्त्यध्याय के—समस्त मन्त्रों के ऋषि और विनियोग तो एक-एक ही हैं, किन्तु छन्द और देवता पृथक् २ हैं।

(ख) ऋग्वेद के प्रत्येक सूक्त के प्रारम्भ में महर्षि सायण ने अपने भाष्य में ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग का उल्लेख किया है।

(ग) अथर्ववेद के 'पृथिवी-सूक्त' के प्रारम्भ में इस सूक्त के ऋषि और देवता का उल्लेख टिप्पणी में किया गया है। पृथिवीसूक्त के विभिन्न मन्त्रों के विभिन्न छन्दों का उल्लेख प्रस्तुत भूमिका में ही किया गया है और पृथिवी-सूक्त के विनियोग का उल्लेख

जो स्वयं सायणाचार्य ने किया है, उसे भी भूमिका में दिया जा रहा है।

(घ) शुक्लयजुर्वेद के ३६वें अध्याय के—'शान्त्यध्याय' के—प्रारम्भ में उक्त अध्याय के ऋषि और विनियोग का उल्लेख टिप्पणी में किया गया है। शान्त्यध्याय के प्रत्येक मन्त्रों के छन्द और देवता का उल्लेख महीधर ने अपने भाष्य में पृथक्-पृथक् किया है। अतः जिज्ञासु परीक्षार्थियों को ऋग्वेदादि सूक्तों के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग का परिज्ञान उपर्युक्त लेखानुसार करना चाहिये।

हमने ऋग्वेद के चारों सूक्तों के प्रत्येक मन्त्र का विषय प्रत्येक मन्त्र के ऊपर पृथक्-पृथक् दे दिया है। अथर्ववेद के पृथिवी-सूक्त और शुक्लयजुर्वेद के शान्त्यध्याय के मन्त्रों में विषय नहीं दिया गया है। क्योंकि अथर्ववेद के पृथिवी-सूक्त के सभी मन्त्रों का विषय प्रायः एक-सा ही है अर्थात् सभी मन्त्रों में किसी-न-किसी वर-विशेष की माँग की गयी है। यही स्थिति शुक्लयजुर्वेदीय शान्त्यध्याय की है। इसके भी सभी मन्त्रों में शान्ति-कामनार्थ ही स्तुतिरूपा प्रार्थना की गयी है। अतः परीक्षार्थियों को भूमिसूक्त और शान्त्यध्याय का संस्कृत-हिन्दी टीका से विषय-ज्ञान-सम्पादन करना अधिक उचित होगा।

सूक्त-शब्दार्थ

जो वेदमन्त्रसमूह एकदैवत्य और एकार्थप्रतिपादक हो, उसे 'सूक्त' कहते हैं।

बृहद्देवता में सूक्त-शब्द का निर्वचन इस प्रकार किया है—

'सम्पूर्णं ऋषिवाक्यं तु सूक्तमित्यभिधीयते।'

सूक्तों के भेद

वृहद्देवता (१।१६) में लिखा है—

'देवतार्षार्थछन्दस्तो वैविध्यं च प्रजायते।
ऋषिसूक्तं तु यावन्ति सूक्तान्येकस्य वै स्तुतिः ॥
श्रूयन्ते तानि सर्वाणि ऋषेः सूक्तं हि तस्य तत्।
यावदर्थसमाप्तिः स्यादर्थसूक्तं वदन्ति तत् ॥
समानछन्दसो याः स्युस्तच्छन्दः क्तमुच्यते।
वैविध्यमेवं सूक्तानामिह विद्याद्यथायथम् ॥'

अर्थात् देवतासूक्त, ऋषिसूक्त, अर्थसूक्त और छन्दसूक्त—ये चार प्रकार के सूक्त होते हैं।

वृहद्देवता में चार प्रकार के सूक्तों का वर्णन किया गया है, किन्तु साधारणतया सूक्त दो प्रकार के होते हैं—क्षुद्रसूक्त और महासूक्त।

जिस सूक्तमें कम से कम तीन ऋचा हों, उसको 'क्षुद्रसूक्त' कहते हैं और जिस सूक्त में तीन से अधिक ऋचा हों, उसे 'महासूक्त' कहते हैं। वरुणसूक्त, उषःसूक्त और विष्णुसूक्त आदि की गणना महासूक्तों में है।

वरुणसूक्त के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के २५ वें सूक्त का नाम 'वरुणसूक्त' है। इस सूक्त के शुनःशेप ऋषि, गायत्री छन्द, वरुण देवता हैं और शुनःशेप के आख्यान में इसका विनियोग किया जाता है।

उषःसूक्त के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के ११३ वें सूक्त का नाम 'उषःसूक्त'

है। इस सूक्त के आङ्गिरस कुत्स ऋषि, त्रिष्टुप् छन्द और [1]उषा देवता हैं। प्रातरनुवाक नामक शस्त्र में उषोदेवता वाले त्रिष्टुप् छन्द के मन्त्रसमुदाय में इसका विनियोग होता है।

विष्णुसूक्त (प्रथममण्डल) के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के १५६ वें सूक्त का नाम 'विष्णुसूक्त' है। इस सूक्त के दीर्घतमा ऋषि, जगती छन्द और विष्णु देवता हैं। उक्थ्य के तृतीय सवन में अच्छावाकशस्त्र इसका विनियोग होता है।

विष्णुसूक्त (सप्तम मण्डल) के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग

ऋग्वेद के सप्तम मण्डल के १०० वें सूक्त का नाम 'विष्णुसूक्त' है। इस सूक्त के वसिष्ठ ऋषि, त्रिष्टुप् छन्द और विष्णु देवता हैं। उक्थ्य के अच्छावाकशस्त्र में इसका विनियोग होता है।

पृथिवीसूक्त के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग

अथर्ववेद के १२ वें काण्ड के प्रथम अनुवाक के प्रथम सूक्त का नाम 'पृथिवीसूक्त' (भूमिसूक्त) है। इस सूक्त के अथर्वा ऋषि और भूमि देवता हैं। छन्द और विनियोग इस भूमिका में पढ़िये।

शान्त्यध्याय के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग

शुक्लयजुर्वेद के ३६ वें अध्याय को 'शान्त्यध्याय' कहते हैं। इस अध्याय के दधीचि ऋषि हैं। छन्द और देवता का उल्लेख महीधर ने प्रत्येक मन्त्र के भाष्य में पृथक्-पृथक् किया है। विनियोग तो शान्ति-पाठ ही है।

---

१ सम्पूर्ण उषःसूक्त के 'उषा' देवता हैं, किन्तु उषःसूक्त के प्रथम ऋचा के उत्तरार्ध के 'रात्रि' भी देवता हैं।

अथर्ववेदीय पृथिवीसूक्त के मन्त्रों के छन्दों का नाम

[स्वाध्यायमण्डल द्वारा प्रकाशित तथा पं० श्रीपादशास्त्री सातवलेकर द्वारा सम्पादित अथर्ववेद संहिता (पृ० २६९) में से हम पृथिवीसूक्त के छन्दों के नाम उद्धृत कर रहे हैं। श्री सातवलेकरजी ने अथर्ववेदीय पृथिवीसूक्त के ५७ मन्त्रों के ही छन्दों का नामोल्लेख किया है, अवशिष्ट ६ मन्त्रों के छन्दो का उल्लेख नहीं किया है। जिन ६ मन्त्रों के छन्दों के नाम रह गये हैं, उन मन्त्रों की संख्या इस प्रकार है—३, १७, २९, ३१, ५५ और ६०।

अब हम उपर्युक्त अवशिष्ट ६ मन्त्रों के छन्दों के नाम दे रहे हैं। श्री सातवलेकरजी द्वारा लिखित ५७ मन्त्रों के छन्दों के नाम (क) में देखिए और हमारे लिखे हुए ६ मन्त्रों के छन्दों के नाम (ख) में देखिए।]

(क) मन्त्र १ का त्रिष्टुप् छन्द, २ का भुरिक् छन्द, ४, ५, ६, १०, ३८ का त्र्यवसाना षट्पदा जगती छन्द, ७ का प्रस्तारपंक्ति छन्द, ८, ११ का त्र्यवसाना षट्पदा विराडष्टि छन्द, ९ का परानुष्टुप् छन्द, १२, १३, १५ का पञ्चपदा शक्करी छन्द (१२,१३ मन्त्र का त्र्यवसाना पञ्चपदा शक्करी छन्द भी है), १४ का महाबृहती छन्द, १६, २१ का एकावसाना साम्नी त्रिष्टुप् छन्द, १८ का त्र्यवसाना षट्पदा त्रिष्टुबनुष्टुब्गर्भातिशक्करी छन्द,१९, २० का पुरो बृहती छन्द (२० वें मन्त्र का विराट् छन्द भी है), २२ का त्र्यवसाना षट्पदा विराडतिजगती छन्द, २३ का पञ्चपदा विराडति जगती छन्द, २४ का पञ्चपदा अनुष्टुब्गर्भा जगती छन्द, २५ का त्र्यवसाना सप्तपदा उष्णिगनुष्टुब्गर्भा शक्करी छन्द, २६, २७, २८, ३३, ३५, ३९, ४०, ४१, ५०, ५३, ५४, ५६, ५९, ६३ का अनुष्टुप् छन्द, (५३ वें मन्त्र का पुरोबार्हता छन्द भी है), ३० का विराड् गायत्री छन्द, ३२ का पुरस्ताज्ज्योति छन्द, ३४ का त्र्यवसाना षट्पदा त्रिष्टुब्बृहती गर्भातिजगती छन्द, ३६ का विपरीत

पादलक्ष्मा पंक्तिछन्द, ३७ का त्र्यवसाना पञ्चपदा शकरी छन्द, ४१ का षट्पदा ककुम्मती शकरी छन्द, ४२ का स्वराडनुष्टुप् छन्द, ४३ का विराडास्तारपङ्क्ति छन्द, ४४, ४५, ४९ का जगती छन्द, ४६ का षट्पदा अनुष्टुब्गर्भा पराशकरी छन्द, ४७ का षट्पदा उष्णिगनुष्टुब्गर्भा परातिशक्वरी छन्द, ४८ का पुरोऽनुष्टुप् छन्द, ५१ का त्र्यवसाना षट्पदा अनुष्टुब्गर्भा ककुम्मती शकरी छन्द, ५२ का पञ्चपदा अनुष्टुब्गर्भा परातिजगती छन्द, ५७ का पुरोतिजागता जगती छन्द, ५८ का पुरस्ताद् बृहती छन्द, ६१ का पुरो बार्हताछन्द और ६२ का परा विराट् छन्द है।

(ख) मन्त्र ३, २९, ३१, ५५ का त्रिष्टुप् छन्द है। १७ का विराण्महा बृहती छन्द है और ६० का पुरो बार्हता छन्द है।

सायणाचार्य—लिखित पृथिवीसूक्त का विनियोग

पृथिवीसूक्ते पृथिव्याः प्रभूतं निसर्गवर्णनम्। कतिचित् पौराणिकीः कथाश्चानुलक्ष्य वर्णनम्। बहुवारं च ऋषिः पृथिवीं वरान् प्रार्थयते॥

सम्प्रदायानुसारेण तु सूक्तं बहुविधं विनियुज्यते। तद्यथा 'सत्यं बृहत्" इत्यनुवाको वास्तोष्पत्यगणे पठितः। अस्य गणस्य विनियोगः "इहैव ध्रुवाम्" [३. १२] इति सूक्ते द्रष्टव्यः।

तथा आग्रहायणीकर्मणि रात्रौ अभ्यातानान्तं कृत्वा त्रयश्चरवः श्रपयितव्याः। ततः अनेनानुवाकेन अग्नेः पश्चाद् गर्ते दर्भान् आस्तीर्य एकं चरुं सकृत् सर्वहुतं जुहोति। द्वितीयं चरुं अनेनानुवाकेन संपात्याभिमन्त्र्य अश्नाति। तृतीयं चरुं "सत्यं बृहत्" इति आद्याभिः सप्तभिर्ऋग्भिः "भूमे मातः" [६३] इत्यष्टम्या ऋचा च त्रिर्जुहोति। अष्टानाम् ऋचाम् आवृत्त्या होमत्रयं संपादनीयम् इत्यर्थः। अग्नेः पश्चाद् दर्भेषु कशिपुतृणमयं प्रस्तरणमास्तीर्य "विमृग्वरीम्" [२९] इत्यनयोपविशति। "यास्ते शिवाः" [९. २. २५] इति संविशति। "यच्छयानः" [३४] इति पर्यावर्तते। "सत्यं बृहत्" इति नवभिः"शान्तिवा" [५९] इत्यृचा "उदायुषा" [३. ३१. १०. ११] इति द्वाभ्यां च

प्रातरुत्तिष्ठते । "उद्वयम्" [७. ५५. ७.] इति गच्छति । "उदीराणाः" [२८] इत्यृचा प्राङ् वोदङ् वा बाह्यतो गच्छति । "यावत् ते" [३३] इत्यृचा भुवम् ईक्षते ॥ इत्याग्रहायणीकर्म ॥

तथा पुष्टिकामः उन्नतं स्थलमारुह्य "यावत् ते" [३३] इत्यृचा ईक्षते ॥

तथा अनेनानुवाकेन उदपात्रं संपात्य पुरस्ताद् अग्नेः सीरं युक्तं संप्रोक्षति ॥

तथा अनेनानुवाकेन कृषिकर्म भवति ॥ तच्च "सीरा युञ्जन्ति" इति [३. १७] सूक्ते विस्तरेणोक्तं द्रष्टव्यम् ॥

तथा पुत्रधनादिसर्वफलप्राप्त्यर्थं "यस्यां सदोहविर्धाने [३८–४०] इति तिसृभिराज्यं जुहोति ।

तथा व्रीहियवाद्यन्नकामः "यस्यामन्नम्" [४२] इत्यृचा पृथिवीम् उपतिष्ठते ॥

तथा मणिहिरण्यादिकामः "निधिं बिभ्रती" [४४—४५] इति द्वाभ्यां पृथिवीम् उपतिष्ठते ॥

तथा प्राप्यापि मणिं हिरण्यं वा आभ्यामेवोपतिष्ठते ॥

तथा पुष्टिकामः वृष्टिकाले "यस्यां कृष्णम्" [५२] इत्यृचा नवोदकम् अभिमन्त्र्य आचमनं स्नानं च करोति ॥

तदुक्तं कौशिकेन–"सत्यं बृहद्" इत्याग्रहायण्याम् । पश्चात् अग्नेर्दर्भेषु खदायां सर्वहुतम् । द्वितीयं संपातवन्तम् अश्नाति । तृतीयस्यादितः सप्तभिर्भूमे मातरिति त्रिर्जुहोति । पश्चाद् अग्नेर्दर्भेषु कशिप्वास्तीर्य विमृग्वरीम् इत्युपविशति । यास्ते शिवा इति संविशति । यच्छयान इति पर्यावर्तते । नवभिः शन्तिवेति दशम्योदायुषेत्युपोत्तिष्ठति । उद्वयमित्युत्क्रामति । उदीराणा इति त्रीणि पदानि प्राङ् वोदङ् वा बाह्येनोपनिष्क्रम्य यावत् त इति वीक्षते । उन्नताच्च । पुरस्ताद् अग्नेः सीरं युक्तम् उदपात्रेण संपातवतावसिञ्चति । आयोजनानाम् अप्ययः । यस्यां सदोहविर्धाने इति जुहोति वरो म आगमिष्यतीति । यस्यामन्नम् इत्युपतिष्ठते । निधिं बिभ्रतीति मणिं हिरण्यकामः । एवं

विद्वान्। यस्यां कृष्णम् इति वार्यकृतस्याचामति। शिरस्यानयते इति (कौ० ३. ७)॥ वरो वरणीयोर्थो मम भवेद् इत्यर्थः॥

तथा ग्रामपत्तनादिरक्षार्थम् अनेनानुवाकेन चतुरः पुरोडाशान् अश्मोत्तरान् कृत्वा ग्रामादिकोणेषु निखनति॥

तथा ग्रामपत्तनादिरक्षार्थम् अनेनानुवाकेन एकैकस्य पुरोडाशस्य पाषाणम् उपरि कृत्वा उभयान् संपातवतः कृत्वा ग्रामादिकोणेषु निखनति। सर्वत्र प्रतिद्रव्यं सूक्तावृत्तिः॥

तथा अग्नेरायतनस्य असंतापयुक्ते देशे शयानः एतम् अनुवाकं जपति। सर्वत्र कर्मणां विकल्पः॥

तदुक्तं कौशिकसूत्रे–'भौमस्य दृतिकर्माणि। पुरोडाशान् अश्मोत्तरान् अन्तः स्रक्तिषु निदधाति। उभयान्त्संपातवतः। सभाभागधानेषु च। असन्तापे ज्योतिरायतनस्यैकतोन्यं शयानो भौमं जपति" इति। [कौ० ५. २]॥ तथा भूमिचलने अस्यानुवाकस्य होमे विनियोगः। "अथ यत्रैतद् भूमिचलो भवति" इत्युपक्रम्योक्तं कौशिकेन। "सत्यं बृहद् इत्येतेनानुवाकेन जुहुयात् सा तत्र प्रायश्चित्तिः" इति [कौ० १३. ६]॥

तथा सोमयज्ञे दीक्षितनियमेषु मूत्रपुरीषशुद्धयर्थं लोष्टादाने अस्य विनियोगः। तदुक्तं वैताने–"सत्यं बृहद् इति लोष्टम् आदाय" इति [वै० ३. २]॥

तथा "पार्थिवीं भूमिकामस्य" इति [न० क० १७] विहितायां पार्थिव्यां महाशान्तौ अस्यानुवाकस्य विनियोगः। तदुक्तं नक्षत्रकल्पे– "सत्यं बृहद् इत्यनुवाकः पार्थिव्याम्" इति [न० क० १८]॥

सूक्तों का संक्षिप्त परिचय और सार

(१)

वरुण-सूक्त

(ऋ० १ मं०, २५ सू०)

वरुण-सूक्त ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का पचीसवाँ सूक्त है। इसमें

शुनःशेप के द्वारा वरुण देवता की स्तुति की गयी है, अतः इसे 'वरुणसूक्त' कहा जाता है। शुनःशेप अजीगर्त नामक एक दरिद्र ब्राह्मण का मध्यम पुत्र था। अजीगर्त बड़े अकर्मण्य एवं अर्थलोलुप थे। यही कारण था कि राजकुमार रोहित ने जब उनसे सौ गौओं के बदले में उनके किसी एक पुत्र को माँगा, तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के शुनःशेप को उसके हवाले कर दिया। रोहित राजा हरिश्चन्द्र का लड़का था और उसका जन्म वरुण की मनौती मानने पर हुआ था। हरिश्चन्द्र ने यह मनौती मानी थी कि यदि वरुण-देवता उन्हें कोई पुत्र दे दें तो वे उस पुत्र को उन्हें ही भेंट कर देंगे। किन्तु रोहित के हो जाने के बाद हरिश्चन्द्र को मोह हो आया और वे अपनी मनौती की अवधि आगे-आगे बढ़ाते गये। नाराज होकर वरुण-देवता ने उन्हें 'जलोदर' का रोगी बना डाला। रोहित भी अपने ऊपर आयी बला को अच्छा न समझकर जंगल में खिसक गया। अब शुनःशेप को खरीद कर वह अपनी और अपने पिता की जान बचा सकता था। वरुण देवता ने भी शुनःशेप के प्रतिनिधित्व को स्वीकार किया। और इस तरह उस पुरुष—पशु का आलम्भन होने वाला था। धन-लोभ से उसके पिता ने ही उसे यज्ञस्तूप में बांधा और उसके आलम्भन के लिए तलवार भी उसके पिता ने ही उठाई। शुनःशेप भय से काँप उठा और उसने देवताओं की शरण ली। प्रकृत वरुणसूक्त में उसने अपने पाश-विमोचन के लिए वरुण की प्रार्थना की है।

पहले तो उसने अपने कर्म-वैगुण्य को दूर करने की अभ्यर्थना की है और अपने अपराधों के लिए क्षमा याचना की है। उसने अपनी प्राथना को सकाम बतलाया है और अपने जीवन के लिए बड़ी व्यग्रता प्रकट की है। उसने यह भी विश्वास प्रकट किया है कि वरुण-देवता यजमान के कामों की पूर्ति में कभी अनवधानता नहीं करते, अतः वे मेरे लिए भी न करेंगे। उसने वरुण को सभी तरह की गतियों का ज्ञाता ठहराया है। अन्तरिक्ष का गति-वैचित्र्य जल

का गति-वैचित्र्य, अधिकमास सहित काल की गति, वायु का गति-पथ और ऊर्ध्वलोक वासी कोई देवता उनसे अज्ञात नहीं है। वरुण के भक्तजन उनकी कृपा से उनके तीनों काल के कर्मों को और स्वरूप को जान सकते हैं। उनका दीप्तिमान् स्वरूपयद्यपि कवच से ढका रहता है, फिर भी उनकी दीप्ति कवच से आच्छादित नहीं होती। शुनःशेप की घबड़ायी हुई मति सब तरह से लौटकर वरुण में ही केन्द्रित होती है। उसे विश्वास है कि वरुण से उसका सम्भाषण हो सकता है, उनने उसकी प्रार्थनाएँ सुनी हैं और इसी भरोसे उसने फिर उस पाश से छूटने की आकुलता व्यक्त की है। वरुण की उस आदर्श निष्ठा के अनुकरण से संसार का बड़ा कल्याण हो सकता है। प्रजा को अपनी असावधानी समझकर उसे दूर करने की चेष्टा करनी चाहिए एवं राजा को पृथिवी, आकाश, जल और वायु की प्रत्येक छोटी-बड़ी हरकतों का ख़याल रखना चाहिए।

(२)

उषः-सूक्त

(ऋ० १ मं०, ११३ सू०)

उषःसूक्त ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का ११३ वाँ सूक्त है। इस सूक्त में उषा-काल का बड़ा आकर्षक एवं आलङ्कारिक वर्णन हुआ है। उषा को एक श्रेष्ठ ज्योति स्थिर किया गया है। सूर्य-रूप में जगत् के लिए उषा की देन एक विस्मापक वस्तु है। यद्यपि दोनों बिलकुल विरुद्ध स्वभाववाली हैं, फिर भी वे एकचित्ता हैं—एक दूसरे की बाधिका नहीं है। कालरूप में दोनों ही नित्य हैं। दोनों ही बारी-बारी से तारापथ में आया-जाया करती हैं। रात्रि के संचरण-काल में दुनिया सब तरह से निष्क्रिय हो जाती है, उषा आकर उसे फिर सक्रिय बनाती है—पुनरुज्जीवित सी कर देती है। व्योमबाला उस उषा का यौवन नित्य नूतन है, शुभ्र ज्योति परिधान

से उसकी शोभा निखर उठती है एवं समग्र वैभव उसके चरणों में लोटा करते हैं। तीनों काल में वह एक रूप, एक रस में रहती है। वह राक्षसादि को निवारिका, ऋत की पालयित्री और शरीर का प्रेरक जीवात्मा है।

(३)

विष्णु-सूक्त (प्रथम)

(ऋ० १ मं०, १५६ सू०)

[ऋग्वेद के दो विष्णुसूक्त परीक्षा में निर्धारित हैं। पहला प्रथम मण्डल का १५६ वाँ सूक्त है और दूसरा सप्तम मण्डल का १०० वाँ सूक्त है। पहले सूक्त के द्रष्टा दीर्घतमा ऋषि हैं और दूसरे सूक्त के द्रष्टा वसिष्ठ ऋषि हैं। दीर्घतमाने तीन विष्णुसूक्तों का दर्शन किया है, जिनमें यह तीसरा सूक्त है।]

विष्णु के विविध-रूप कर्म हैं। अद्वितीय परमेश्वर रूप में उन्हें महाविष्णु कहा जाता है। यज्ञ और जलोत्पादक सूर्य भी उन्हीं का रूप है। वे पुरातन, विविध जगत्स्रष्टा, नित्यनूतन एवं चिरसुन्दर हैं। दुनिया को मस्त बनाने वाली लक्ष्मी उनकी भार्या हैं। उनके नाम का एवं लीला का कीर्तन उनके उस परम पद का प्रापक है, जो जीवों का चरम लक्ष्य है। जो यजमान उनकी ओर बढ़ता है, उसकी ओर वे भी बढ़ते हैं और उसे फल देकर प्रसन्न करते हैं।

(४)

विष्णु-सूक्त (द्वितीय)

(ऋ० ७ मं०, १००सू०)

भगवान् विष्णु नरके हितैषी हैं। उनके यशों का गान, उनका नमस्कार एवं उनके लिए हव्य का प्रदान सर्वविध श्रेयस का प्रापक

है। उनकी दया से तो विश्वजनीन उस अमल बुद्धि की भी प्राप्ति होती है, जो दुनिया को सबसे दुर्लभ एवं सर्वथा उन्नायक वस्तु है। उनके वामनका अवतार उनकी भक्तवत्सलता का एक अपूर्व सुन्दर निदर्शन है। उन्होंने भक्तों के लिए ऐहिक एवं आमुष्मिक लाभ सुस्थिर कर रखे हैं एवं उनके भक्तोंके लिए एक बड़ा व्यापक क्षेत्र तैयार कर रखा है। वे इस दुनिया से दूर के वासी हैं। किन्तु भक्तजनों के लिए कहीं भी किसी रूपमें तत्क्षण प्रकट हो सकते हैं। वसिष्ठजी की सहायता के लिए उन्हें 'शिपिविष्ट' के रूप में आना पड़ा था।

(५)

पृथ्वी-सूक्त

(अथ० १२ कांड, १ सूक्त)

अथर्ववेदके बारहवें काण्ड के १ सूक्तका नाम पृथिवी सूक्त (भूमि-सूक्त) है। इसमें प्रायः पृथिवी के प्राकृतिक दृश्यका वर्णन है। पृथिवी सूक्त मातृभूमि की प्रगाढ़ भक्ति का परिचायक है। इस सूक्त में पृथिवी के आधिदैविक और आधिभौतिक दोनों रूपों की स्तुति करते हुए यह सिद्ध किया गया है कि यह सम्पूर्ण पृथिवी मातृस्वरूपा है। यह मातृस्वरूपा पृथिवी अपने सच्चे भक्तों के लिये उत्तमोत्तम वर प्रदान करती है। अतएव ऋषिने पृथिवी माता की महनीय महत्ता को दृष्टिमें रखकर ही मातृस्वरूपा पृथिवी से अनेक उत्तम वर के लिये प्रार्थना की है।

महर्षि सायण ने पृथिवीसूक्त के मन्त्रों का अनेक लौकिक लाभों के लिए विनियोग बतलाया है। यथा—

आग्रहायणीकर्म में, पुष्टिकर्म में, कृषिकर्म में तथा पुत्र, धन, आदि सर्व वस्तु की प्राप्ति के लिए किये जाने वाले कर्म में एवं अन्न, सुवर्ण, मणि, पृथिवी आदि की प्राप्ति में, ग्राम-नगर आदि की

रक्षा में, भूकम्प में, प्रायश्चित्त में, साम यज्ञ में तथा पार्थिव महाशान्ति आदि के कर्म में भी पृथिवीसूक्त के मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है। अथर्ववेदीय पृथिवीसूक्त बहुत ही उत्तम और उपयोगी है। इसका अध्ययन प्रत्येक वैदिक धर्मावलम्बी को आवश्यक है।

६

शान्त्यध्याय

(शु० य० अ० ३६)

शुक्ल यजुर्वेद के ३६ वें अध्याय का नाम 'शान्त्यध्याय है। इस अध्याय में २४ मन्त्र हैं और उन सबका सर्वविध-शान्त्यर्थ विनियोग है। उनमें से कुछ चुने हुए मन्त्र और उनका अर्थ दिया जाता है, जिनसे पूरे अध्याय का विषय-निर्देश स्वतः स्पष्ट हो जाता है।

इन्द्रो विश्वस्य राजति। शं नोऽअस्तु द्विपदे शं चतुष्पदे ॥

(शु० य० ३६।८)

जो परमेश्वर समस्त संसार के स्वामी हैं अथवा जो सूर्य समस्त संसार के प्रकाशक हैं वे हमारे द्विपद अर्थात् पुत्रादिकों के लिए तथा चतुष्पद अर्थात् गौ आदि पशुओं के लिए कल्याणकारी हों॥

शं नो मित्रः शं वरुणः शं नो भवत्वर्यमा। शं न ऽइन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरुरुक्रमः॥ (शु० य० ३६।९)

मित्र, वरुण, अर्यमा, इन्द्र, बृहस्पति और विष्णु—ये सभी देवगण हमारे लिए कल्याणकारी हों॥

शं नो वातः पवतां शं नस्तपतु सूर्यः। शं नः कनिक्रदद्देवः पर्जन्योऽअभि वर्षतु (शु० य० ३६।१०)

हमारे लिए वायु, सूर्य और वरुण कल्याणकारी हों अर्थात् वायु सुखस्वरूप हो, सूर्य सुखप्रद किरणों का प्रसार करें और वरुण सुवृष्टि प्रदान करें॥

अहानि शं भवन्तु नः शंठ० रात्रीः प्रति धीयताम् । शं न ऽइन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न ऽइन्द्रावरुणा रातहव्या । शं न ऽइन्द्रा-पूषणा वाजसातौ शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः ॥ (शु० य० ३६। ११)

हमारे लिए दिन और रात्रि सुखस्वरूप हों। तथा इन्द्राग्नी, इन्द्रावरुण, इन्द्रपूषा और इन्द्रसोम—ये सभी देवता हमारे लिए कल्याणकारी हों एवं हमारे रोग तथा भय को दूर कर सुखकारी हों॥

द्यौः शान्तिरन्तरिक्षठ्ठं० शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः । वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्मशान्तिः सर्वठ्ठं० शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि ॥ (शु० य० ३६।१७)

द्युलोक (स्वर्गलोक) रूपा शांति, अंतरिक्ष (आकाश) रूपा शांति, पृथिवी रूपा शांति, जलरूपा शांति, औषधरूपा शांति, वनस्पतिरूपा शांति, विश्वेदेवरूपा शांति ब्रह्म (वेद) रूपा शांति, समस्त संसाररूपा शांति और जो स्वभावतः शांति है, वह मुझे प्राप्त हो ॥

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् । पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतठ्ठं० शृणुयाम शरदः शतं प्र ब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥ (शु० य० ३६।२४)

देवताओं के हितकारी अथवा प्रिय परमेश्वर का जो चक्षुभूत सूर्य है उस का तेज पूर्वदिशा में उदित होता है, वह हमें जीवनपर्यन्त अव्याहत चक्षु-सम्पन्न रखें, जिससे हम उन्हें भलीभाँति देख सकें। हम सौ वर्षपर्यन्त जीवें। हम सौ वर्षपर्यन्त सुनें। हम सौ वर्ष-पर्यन्त बोलें। हम सौ वर्षपर्यन्त दैन्य होकर न रहें अर्थात् हमें किसी से कुछ माँगना न पड़े। हम सौ वर्ष से भी अधिक जीवित रहें॥

इस प्रकार वैदिक-सूक्त-संग्रह में संक्षेप से सूक्त-शब्दार्थ सूक्तों

२

के भेद, सूक्तों के ऋषि, छन्द, देवता, विनियोग, अथर्ववेदीय पृथिवी-सूक्त के मन्त्रों के छन्दों का उल्लेख, सायणकृत पृथिवीसूक्त के विनियोग का उल्लेख, सूक्तों का परिचय और उनका सार आदि का वर्णन कर, अब हम वेद का भी परिचय लिखते हैं। यद्यपि यहाँ वेद के संबंध में कुछ लिखना विशेष प्रासङ्गिक नहीं है, तथापि 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' इस वचन को स्मरण करते हुए सर्वसाधारण लोगों को वेदका परिचय कराना आवश्यक है। जो लोग संक्षिप्तरूप से वेद का परिचय जानने के विशेष इच्छुक हैं, उन्हें हमारी लिखी हुई वेद-परिचयात्मिका भूमिका के अध्ययन से विशेष लाभ होगा, ऐसी मुझे पूर्ण आशा है।

वेद-शब्दार्थ

'वेद' शब्द ज्ञानार्थक 'विद्' धातु से करण अर्थ में 'घञ्' प्रत्यय करने से बनता है। इस 'वेद' शब्द को भगवान् पाणिनि मुनि रूढ और योगरूढ दो प्रकार का मानते हैं। पाणिनि मुनि ने उञ्छादि गण (पाणि० ६।१।१६०) में और वृषादि गण (पाणि० ६।१।२०१) में इसका पाठ भी किया है। उञ्छादि गण में करण-प्रत्ययान्त 'वेद' शब्द का पाठ अन्तोदात्तकी सिद्धि के लिए है और वृषादि गण में 'वेद' शब्द का पाठ आद्युदात्त की सिद्धि के लिए किया गया है। करण-प्रत्ययान्त 'वेद' शब्द कहने से अन्य-प्रत्ययान्त यावत् 'वेद' शब्द अर्थात् आद्युदात्त सिद्ध हो जाता है, केवल एक रूढ 'वेद' शब्द रह जाता है, जो कि वृषादि गण में पढ़े बिना आद्युदात्त सिद्ध नहीं हो सकता। अतः सिद्ध हुआ कि 'वेद' शब्द रूढ और योगरूढ दो प्रकार का है। उसमें अन्तोदात्त 'वेद' शब्द कुशमुष्टि वाचक है और ग्रन्थराशि वाचक 'वेद' शब्द आद्युदात्त है। इसका अर्थ सायणाचार्य ने ऐतरेय और कृष्णयजुर्वेद की भाष्यभूमिका में इस प्रकार किया है—

वेद्यन्ते ज्ञाप्यन्ते धर्मादिपुरुषार्थचतुष्टयोपाया अनेन स वेदः ।
'जिससे धर्म, अर्थ काम और मोक्ष ये चारों पुरुषार्थ जाने जाँय उसको वेद कहते हैं।'
एक श्लोक भी वहाँ है –

प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते ।
एनं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता ॥

'प्रत्यक्ष और अनुमान से जो उपाय न जाने जाँय उसे वेद बताता है।'

चार वेद

मन्त्रब्राह्मणरूपोऽयं वेदस्तत्र चतुर्विधः ।
ऋग्यजुःसामभिर्भेदैरथर्वाभिदया तथा ॥ १ ॥
छन्दोबद्धाः ऋचश्छन्दोहीनं गद्यात्मकं यजुः ।
ऋक्षु गीतं सामगानमथर्वाङ्गिरसो ऋचः ॥ २ ॥

(वेदविज्ञान-मीमांसा, पृ० ७६)

'पुरुषविशेषकृतिशून्य मन्त्र-ब्राह्मणात्मक वेद के चार विभाग हैं— ऋक्, यजु, साम और अथर्व। छन्दोबद्ध मन्त्रोंको ऋग्वेद, छन्दोहीन गद्यात्मक तथा अर्थवश विभक्त होनेवाले मन्त्रों को यजुर्वेद, ऋचाओं में गाये जानेवाले गान-विशेष को सामवेद और छन्दोबद्ध ऋक्-विशेष को अथर्ववेद कहते हैं।'

चार उपवेद

चारों वेदों के चार उपवेद हैं–ऋग्वेदका उपवेद आयुर्वेद, यजुर्वेद का धनुर्वेद, सामवेद का गान्धर्ववेद और अथर्ववेद का* अर्थ-शास्त्र है।

---

* शुक्राचार्य के मत से अथर्ववेद का उपवेद तन्त्ररूप अर्थात् तन्त्रशास्त्र है–
'अथर्वणां चोपवेदस्तन्त्ररूपः स एव हि ।'

आयुर्वेद—शारीरिक समस्त व्याधियों के निवर्त्तन द्वारा उत्तम स्वास्थ्यकर औषधियों तथा उपचारों के निर्देशन में आयुर्वेद उपयुक्त होता है।

धनुर्वेद—जीवों के रक्षार्थ, दुष्टों के दमनार्थ धर्मपूर्वक बाणविद्या के उपदेश में धनुर्वेद उपयुक्त होता है।

गान्धर्ववेद—यज्ञ-यागादि अनुष्ठानों में देवताओं के प्रसादार्थ गायनरूप में षड्ज़ादि सप्तस्वरों एवं ताल, लय के रूप में गान्धर्ववेद उपयुक्त होता है।

अर्थशास्त्र—न्यायपूर्वक धन का उपार्जन करना और उपार्जित धन की रक्षा करते हुए उसका उचित उपयोग करना एवं अर्थ-सम्बन्धी एवं विवेक के लिए अर्थशास्त्र उपयुक्त होता है।

वेदों के अङ्ग

वेद के छः अङ्ग होते हैं—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्यौतिष।

शिक्षा—वैदिक वर्णों के यथोचित स्वर, मात्रा, वर्ण इत्यादि बोधन के लिये शिक्षा उपयुक्त होती है।

कल्प—मंत्र-विनियोग द्वारा यज्ञादि अनुष्ठान के उपदेशार्थ कल्प उपयुक्त होता है।

व्याकरण—प्रकृति, प्रत्यय, संहिता (संधि) इत्यादि के द्वारा पद के उचित स्वरूप तथा अर्थ के निश्चय कराने में व्याकरण उपयुक्त होता है।

निरुक्त—पदविभाग, मन्त्रार्थ, देवता इत्यादि निरूपण द्वारा एक-एक पद के सम्भावित समस्त अर्थों के स्पष्टीकरण से वेदार्थ स्फुटीकरण में निरुक्त उपयुक्त होता है।

छन्द—लौकिक, वैदिक शब्दों को पाद, यति, विरामादि व्यवस्थाओं द्वारा छंदो-विशेष के बोधनार्थ छंद उपयुक्त होता है।

ज्यौतिप—ग्रह, नक्षत्र, मुहूर्त एवं शुभाशुभ परिज्ञान के लिये ज्यौतिष शास्त्र उपयुक्त होता है।

वेदों के उपाङ्ग

वेद के चार उपाङ्ग हैं—*पुराण, न्याय, मीमांसा और धर्मशास्त्र।

पुराण—वैदिक पद्धति के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष-रूप चतुर्विध पुरुषार्थ सिध्यर्थ आर्ष कथाओं के द्वारा धर्म के वास्तविक रहस्य को प्रकाशित करने के लिए पुराण उपयुक्त होता है।

न्याय—संसार के द्रव्य, गुण, कर्म आदि समस्त पदार्थों के अनुगतरूप से प्रकाशन करने में न्यायशास्त्र उपयुक्त होता ह।

मीमांसा—वेदार्थ निश्चय करने में मीमांसा शास्त्र उपयुक्त होता है।

धर्मशास्त्र—स्मृतियों द्वारा वेदानुकूल सिद्धान्तों के प्रचारार्थ लोक-सेवा में धर्मशास्त्र उपयुक्त होता है।

वेद-चतुष्टय के अध्यायादि और उनकी मन्त्रसंख्या

ऋग्वेद में—६४ अध्याय, ८ अष्टक, १० मण्डल, २००६ वर्ग, १००० सूक्त, ८५ अनुवाक् और १०४४० मन्त्र हैं।

शुक्लयजुर्वेद में—४० अध्याय और १९७५ मंत्र हैं।

कृष्णयजुर्वेद में—७ काण्ड, ४४ प्रपाठक, ५१६०० अनुवाक और †१८००० यजुर्मन्त्र हैं।

सामवेद में दो भाग हैं—छन्दःसंहिता और उत्तर संहिता। उनके पूर्वार्चिक और उत्तरार्चिक ये दो नाम हैं। पूर्वार्चिक में ६ और उत्तरार्चिक में ३ प्रपाठक हैं। १८२४ मन्त्र हैं।

अथर्ववेद में २० काण्ड, ७५९ सूक्त और ५९७७ मन्त्र हैं।

---

* पुराण के दो भेद कहे गए हैं—पुराण और उपपुराण। पुराण और उपपुराण ये दोनों ही अठारह प्रकार के होते हैं।

† 'अष्टादश यजुःसहस्राण्यधीत्य शाखापारो भवति' (चरणव्यूह)

प्रत्येक वेद की शाखाओं की संख्या

ऋग्वेदादि चारों वेदों की शाखाएँ भिन्न-भिन्न हैं। उनकी शाखाओं का निर्णय महाभाष्यकार इस प्रकार करते हैं—

"एकशतमध्वर्युशाखाः, सहस्रवर्त्मा सामवेदः, एकविंशतिधा बाह्वृच्यम्, नवधाऽथर्वणो वेदः।" (महाभाष्य, पस्पशाह्निक)।

षड्गुरुशिष्य सर्वानुक्रमणी की वृत्ति की भूमिका में लिखते हैं—

एकविंशत्यध्वयुक्तमृग्वेदमृषयो विदुः।
सहस्राध्वा सामवेदो यजुरेकशताध्वकम्॥
नवाध्वाऽथर्वणोऽन्ये तु प्राहुः पञ्चदशाध्वकम्॥

कूर्मपुराण (४९। ५०-५२) में भी लिखा है—

एकविंशतिभेदेन ऋग्वेदं कृतवान् पुरा।
शाखानां तु शतेनाथ यजुर्वेदमथाकरोत्॥
सामवेदं सहस्रेण शाखानां च विभेदतः।
आथर्वणमथो वेदं विभेद नवकेन तु॥

उपर्युक्त अनेक प्रमाणों के अनुसार ऋग्वेद की २१, यजुर्वेद (शुक्ल और कृष्ण) की १०१, सामवेद की १००० और अथर्ववेद की ९ शाखाएँ हैं। वैदिक शाखाओं की संख्या के विषय में मतभेद भी पाया जाता है। शौनक-कथित 'चरणव्यूह' (परिशिष्ट) में ऋग्वेद की ५ शाखाओं का, यजुर्वेदकी ८६ शाखाओं का, सामवेद की १००० शाखाओं का और अथर्ववेद की ९ शाखाओं का उल्लेख मिलता है।

चारों वेदों की समस्त शाखाएँ ११३१ हैं, किन्तु आज वर्त्तमान समय में उन समस्त शाखाओंमें केवल १२ शाखाएँ उपलब्ध हैं, बाकी शाखाएँ किसी दैविक प्रकोप से अथवा हम भारतीयों की घृणित उपेक्षा से लुप्त हो गई हैं। उपलब्ध १२ शाखाओं की भी यह व्यवस्था है कि आज बहुधा लोग उनके नाम तक भी नहीं जानते और न उनके पास

ये शाखाएँ ही प्राप्त हैं। आज इन शाखाओं के कतिपय ज्ञाता दक्षिण प्रान्त और काशी में विद्यमान हैं, जिनके यहाँ उपलब्ध शाखाओं का संग्रह सुरक्षित है।

शाखा शब्द का अर्थ

'शाखा' शब्द का अर्थ अवयव अथवा हिस्सा नहीं है, जैसे रामायण के छः काण्ड और महाभारत के अठारह पर्व—ये काण्ड और पर्व उनके अवयव हैं। एक-एक काण्ड या एक-एक पर्व स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं माना जा सकता, क्योंकि वह एक से एक सापेक्ष और अनुबद्ध है। परन्तु वेदों की शाखाएँ परस्पर सापेक्ष और अनुबद्ध नहीं हैं। अठारह पर्वों के या सात काण्डों के समुदाय का नाम 'महाभारत' और 'रामायण' है, परन्तु इक्कीस शाखाओं के समुदाय का नाम 'ऋग्वेद' नहीं है, प्रत्युत प्रत्येक शाखा स्वतन्त्ररूप से ऋग्वेद है, क्योंकि एक शाखा दूसरी शाखा की अपेक्षा नहीं रखती। इसीलिए किसी भी वेद की एक शाखा का अध्ययन करने से ही समग्र वेद का अध्ययन माना गया है। मीमांसा शास्त्र के प्रणेता महर्षि जैमिनि ने 'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः' इस वैदिक आज्ञा का अर्थ करते हुए लिखा है कि अपनी परम्परागत किसी भी एक शाखा का अध्ययन करना चाहिये। यदि इक्कीस शाखाओं को मिलाकर एक ऋग्वेद माना जाय, एक सौ शाखाओं के समुदाय को यजुर्वेद माना जाय, एक हजार शाखाओं के समुदाय को सामवेद और नौ शाखाओं के समुदाय को अथर्ववेद माना जाय, तो एक मनुष्य अपने एक जीवन में एक वेद का सम्पूर्ण अध्ययन नहीं कर सकेगा। इस प्रकार तो भगवान् मनु की भी यह आज्ञा असङ्गत हो जाती है—

वेदानधीत्य वेदौ वा वेदं वापि यथाक्रमम्।
अविप्लुतब्रह्मचर्यो गृहस्थाश्रममाविशेत्॥

'द्विजातिमात्र ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए तीनों वेदों, दो वेदों या एक ही वेद को पढ़कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करें।'

ब्रह्मचर्य का काल आठ, बारह चौबीस या अड़तालीस वर्ष कहा गया है। ऐसी स्थिति में सौ वर्ष में भी समस्त शाखाओं के सहित वेदों का अध्ययन कठिन ही नहीं, प्रत्युत सर्वथा असम्भव है। अतः एक ही शाखा का अर्थ एक वेद है। जिसकी जो शाखा हो, वही उसका वेद है, ऐसा शास्त्रीय सिद्धान्त है।

यह शाखाभेद कर्ता के भेद से नहीं माना जा सकता। जिस प्रकार एक ही राम-कथा वाल्मीकीय, आनन्द, अद्भुत और अध्यात्म आदि अनेक रामायणों में भिन्न-भिन्न कर्त्ताओं द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार से वर्णित किये जाने पर भिन्न है, उसी प्रकार वेद की भी भिन्न-भिन्न शाखाएँ भिन्न-भिन्न महर्षि द्वारा सङ्कलित किये जाने के कारण पृथक् हैं—ऐसा भी कतिपय आधुनिक लोगों का सिद्धांत है। परन्तु यह उनका भ्रममात्र है। ऋषियों की शक्ति मंत्रों को आगे-पीछे रखने में भले ही हो, लेकिन पदों या वाक्यों को इधर-उधर करने की शक्ति कदापि नहीं हैं, क्योंकि वेद अपौरुषेय हैं। उनमें पुरुष-कर्तृत्व की शङ्का स्वप्न में भी नहीं की जा सकती। अतएव वेदों के सदृश उनकी शाखाओं का भेद भी अनादिसिद्ध है। इस विषय में लेशमात्र भी सन्देह नहीं करना चाहिए।

ऋग्वेद की शाखाएँ

पातञ्जल महाभाष्य (पस्पशाह्निक) में ऋग्वेद की २१ शाखाएँ कही गई हैं, किन्तु वर्तमान समय में उनमें केवल दो ही शाखा उपलब्ध हैं, जिनमें एक का नाम 'वाष्कला' और दूसरी का नाम 'शाकला' है। इन दोनों शाखाओं के अतिरिक्त अन्य १९ शाखाएँ इस समय लुप्त हो गई हैं। उपलब्ध दोनों शाखाओं में परस्पर साधारण ही भेद प्रतीत होता है। 'शाकलसंहिता' में मण्डल और सूक्त इत्यादि के द्वारा ऋचाओं का विभाग किया है और 'वाष्कलसंहिता' में अध्याय और वर्ग इत्यादि से ऋचाओं का विभाग किया गया है। परन्तु आजकल

इन दोनों के विशेष भेदों पर ध्यान न देकर अध्याय तथा मण्डल आदि की संख्या एक साथ रक्खी गयी है।

यजुर्वेद की शाखाएँ

शुक्ल और कृष्ण भेद से यजुर्वेद दो भागों में विभक्त है। दोनों प्रकार के यजुर्वेदों की प्राचीन आचार्यों ने १०१ शाखाएँ कहीं हैं। उनमें शुक्ल यजुर्वेद की २ और कृष्ण यजुर्वेद की ३ शाखाएँ उपलब्ध हैं। अर्थात् वर्त्तमान समय में यजुर्वेद की केवल ५ शाखाएँ उपलब्ध हैं बाकी समस्त शाखाएँ लुप्त हो गई हैं। शुक्ल यजुर्वेद के उपलब्ध शाखाद्वय में एक का नाम 'काण्वा' और दूसरी का नाम 'माध्यन्दिनी' है।

कृष्ण यजुर्वेद के उपलब्ध शाखात्रय में एक का नाम 'कठसंहिता,' दूसरी का नाम 'मैत्रायणी संहिता' और तीसरी का नाम 'तैत्तिरीय संहिता' है।

सामवेद की शाखाएँ

सामवेद की १००० शाखाएँ कही गई हैं, किन्तु इस समय उनमें केवल तीन ही शाखा उपलब्ध हैं, जिनके नाम यह हैं—'कौथुमी', 'जैमिनीया' और 'राणायनीया'। वर्त्तमान समय में उक्त तीनों शाखाएँ दक्षिण प्रान्त के द्रविड़ देशों में उपलब्ध हैं। उनमें सर्वाधिक प्रचार कौथुमी शाखा का, उससे न्यून प्रचार राणायनीय शाखा का और उससे भी स्वल्प प्रचार जैमिनीय शाखा का है। यद्यपि अद्यावधि केवल 'कौथुमी शाखा' ही छपी है, तथापि द्रविड़ देश में आज भी तीनों शाखाओं के ज्ञाता वर्त्तमान हैं।

अथर्ववेद की शाखाएँ

अथर्ववेद की ९ या १५ शाखाएँ कही गई हैं। किन्तु इस समय उनमें केवल दो ही शाखा उपलब्ध हैं—'पिप्पलाद' और 'शौनक'। इन्हीं दोनों शाखाओं की दो संहिताएँ भी हैं—'पिप्पलाद संहिता' और 'शौनक संहिता'। वर्त्तमान समय में 'शौनक संहिता' ही अधिक प्रचलित है।

यजुर्वेद के शुक्ल और कृष्ण दो भेद होने का कारण

पूर्वकाल में ब्रह्मपरम्परा से प्राप्त वेद को भगवान् वेदव्यास ने मन्दमति शिष्यों पर कृपाकर ऋक्, यजु, साम और अथर्व इन नामों से चार विभाग कर पैल, वैशम्पायन, जैमिनि तथा सुमन्तु नामक महर्षियों को क्रम से उपदेश किया। पश्चात् उन लोगों ने अपनी शिष्य-परम्परा में उपदेश किया। इस प्रकार शनैः-शनैः वेद की हजारों शाखाएँ हुईं। व्यासजी के शिष्य वैशम्पायन मुनि ने अपने याज्ञवल्क्य इत्यादि शिष्यों को यजुर्वेद पढ़ाया। अध्ययन-काल में किसी दिन दैवसंयोग से गुरुदेव को कोई 'पाप' लग गया। उसके दूर करने के लिए गुरुदेव वैशम्पायन जी ने अपने शिष्यों को आज्ञा दी कि—'तुमलोग मेरे लिए व्रत करो।' याज्ञवल्क्य ने यह सुनते ही अभिमानवश कहा—'हे गुरुदेव! इन क्षुद्र शिष्यों से क्या हो सकता है? इस कार्य में तो केवल मैं ही समर्थ हूँ, अतः मैं आपके लिये व्रत करूँगा, जिससे आप निष्पाप हो जाँयगे।' इस तरह ब्राह्मणों के अपमान से अत्यन्त क्रुद्ध होकर गुरुदेव ने याज्ञवल्क्य से कहा—'तुमने इस प्रकार मेरे शिष्यों का अनुचित अपमान किया है, अतः मुझसे तुमने जो कुछ विद्या प्राप्त की है वह सब वापस करो।' महर्षि याज्ञवल्क्य ने योगबल से गुरूपदिष्ट सम्पूर्ण विद्या को मूर्तिमती बनाकर उगल दिया। पश्चात् वैशम्पायनजी ने अपने शिष्यों से कहा—'तुम लोग इस उगले हुए यजुर्वेद को ग्रहण करो'। शिष्यों ने 'तित्तिर' होकर भक्षण किया, जिससे वे यजुर्वेद बुद्धि की मलिनता से कृष्ण हो गये। इधर याज्ञवल्क्य ने अत्यन्त दुःखित होकर अपने तपोबल से भगवान् सूर्य को प्रसन्न किया। सन्तुष्ट भगवान् सूर्यदेव ने अश्वरूप धारण कर याज्ञवल्क्य जी को उन अयातयाम यजुर्मन्त्रों का उपदेश दिया, जो कि उस समय तक किसी को ज्ञात न थे। याज्ञवल्क्य ने उन्हें प्राप्त कर अपनी शिष्यपरम्परा में प्रचार किया। उन्हीं मन्त्रों को 'शुक्ल यजुर्वेद' कहते हैं। यही अर्थ निम्नलिखित श्रुति से भी स्पष्ट है—

'आदित्यानीमानि शुक्लानि यजूंषि वाजसनेयेन याज्ञवल्क्येनाख्यायन्ते' ।
(श० ब्रा० १४।७।५।३३)

इसी विषय की पुष्टि भागवत (२।६।३३) में भी की गई है—

एवं स्थितः स भगवान् वाजिरूपधरो हरिः ।
यजूंष्ययातयामानि मुनयेऽदात्प्रसादतः ॥

आधुनिक समाज का कथन है कि कृष्णयजुर्वेद में मन्त्र और ब्राह्मण दोनों के सङ्कुचित होने के कारण उसका सुखेन बोध नहीं हो पाता, अतः उसे 'कृष्ण यजुर्वेद' कहते हैं। और शुक्ल यजुर्वेद में मन्त्र तथा ब्राह्मण के पृथक् तथा विस्पष्ट होने के कारण सरलता से उसका बोध हो जाता है, अतः उसे 'शुक्ल यजुर्वेद' कहते हैं। परन्तु इस सिद्धान्त में कोई प्रमाण नहीं मिलता, अतः हमारे मत से पूर्वोक्त सिद्धान्त ही ठीक है।

ऋग्वेद के उपलब्ध ब्राह्मणादि का निरूपण

ब्राह्मण—ऐतरेय और कौषीतकी (शाङ्खायन), ये दो ऋग्वेद के ब्राह्मण हैं।

आरण्यक—ऐतरेयारण्यक और कौषीतकारण्यक, ये दो ऋग्वेद के आरण्यक हैं।

श्रौतसूत्र—आश्वलायन श्रौतसूत्र और शाङ्खायन श्रौतसूत्र, ये दो ऋग्वेद के श्रौतसूत्र हैं।

गृह्यसूत्र—आश्वलायन गृह्यसूत्र और शाङ्खायन गृह्यसूत्र, ये दो ऋग्वेद के गृह्यसूत्र हैं।

व्याकरण—ऋक्प्रातिशाख्य, यह ऋग्वेद का व्याकरण है।

शुक्ल यजुर्वेद के उपलब्ध ब्राह्मणादि का निरूपण

ब्राह्मण—माध्यन्दिन शतपथब्राह्मण और काण्व शतपथब्राह्मण, ये दो शुक्लयजुर्वेद के ब्राह्मण हैं।

आरण्यक—काण्वशाखीय बृहदारण्यक, यह शुक्लयजुर्वेद का आरण्यक है।

श्रौतसूत्र—कात्यायन श्रौतसूत्र, यह शुक्ल यजुर्वेद का श्रौतसूत्र है।

गृह्यसूत्र—पारस्कर गृह्यसूत्र, यह शुक्लयजुर्वेद का गृह्यसूत्र है।

धर्मसूत्र—गौतम धर्मसूत्र, यह शुक्लयजुर्वेद का धर्मसूत्र है।

व्याकरण—शुक्ल यजुःप्रातिशाख्य, यह शुक्लयजुर्वेद का व्याकरण है।

कृष्ण यजुर्वेद के उपलब्ध ब्राह्मणादि का निरूपण

ब्राह्मण—तैत्तिरीय ब्राह्मण, यह कृष्णयजुर्वेद का ब्राह्मण है।

आरण्यक—तैत्तिरीयारण्यक, यह कृष्णयजुर्वेद का आरण्यक है।

श्रौतसूत्र—सत्याषाढ श्रौतसूत्र, मानव श्रौतसूत्र, भारद्वाज श्रौतसूत्र, वैखानस श्रौतसूत्र, बौधायन श्रौतसूत्र, आपस्तम्ब श्रौतसूत्र और हिरण्यकेशी श्रौतसूत्र, ये सात कृष्णयजुर्वेद के श्रौतसूत्र हैं।

गृह्यसूत्र—आपस्तम्ब गृह्यसूत्र, मानव गृह्यसूत्र, हिरण्यकेशी गृह्यसूत्र, भारद्वाज गृह्यसूत्र, काठक गृह्यसूत्र, बौधायन गृह्यसूत्र और लौगाक्षि गृह्यसूत्र, ये सात कृष्णयजुर्वेद के गृह्यसूत्र हैं।

धर्मसूत्र—बौधायन धर्मसूत्र और आपस्तम्ब धर्मसूत्र, ये दो कृष्णयजुर्वेदके धर्मसूत्र हैं।

व्याकरण—तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, यह कृष्णयजुर्वेद का व्याकरण है।

सामवेद के उपलब्ध ब्राह्मणादि का निरूपण

ब्राह्मण—ताण्ड्य ब्राह्मण, षड्विंश ब्राह्मण, मन्त्र ब्राह्मण, दैवत ब्राह्मण, आर्षेय ब्राह्मण, सामविधान ब्राह्मण, संहितोपनिषद् ब्राह्मण, वंश ब्राह्मण और जैमिनीय ब्राह्मण, ये नव सामवेद के ब्राह्मण हैं। इनमें सर्वापेक्षया 'ताण्ड्य ब्राह्मण' विशेष बड़ा है, इसी से इसको 'ताण्ड्य महाब्राह्मण' कहा जाता है। इसके दो और भी नाम हैं—'प्रौढ ब्राह्मण' तथा 'पञ्चविंश ब्राह्मण'।

आरण्यक—सामवेद में आरण्यक शाखा का कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है।

श्रौतसूत्र—द्राह्यायण श्रौतसूत्र, लाट्यायन श्रौतसूत्र और मशकसूत्र, ये तीन सामवेद के श्रौतसूत्र हैं।

गृह्यसूत्र—गोभिलगृह्यसूत्र, खदिर गृह्यसूत्र और जैमिनीय गृह्यसूत्र, ये तीन सामवेद के गृह्यसूत्र हैं।

धर्मसूत्र—सामवेद में धर्मसूत्र का कोई ग्रन्थ नहीं मिलता है।

व्याकरण—सामप्रातिशाख्य (पुष्पकृत), यह सामवेद का व्याकरण है।

अथर्ववेद के उपलब्ध ब्राह्मणादि का निरूपण

ब्राह्मण—गोपथ ब्राह्मण, यह अथर्ववेद का ब्राह्मण है।

आरण्यक—अथर्ववेद में कोई आरण्यक ग्रन्थ नहीं मिलता है।

गृह्यसूत्र—वैखानस गृह्यसूत्र और वाराह गृह्यसूत्र, ये दो अथर्ववेद के गृह्यसूत्र हैं।

धर्मसूत्र—अथर्ववेद में धर्मसूत्र का कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है।

व्याकरण—अथर्वप्रातिशाख्य, यह अथर्ववेद का व्याकरण है।

विलुप्त ब्राह्मण

चरक ब्राह्मण, श्वेताश्वतर ब्राह्मण, काठक ब्राह्मण, मैत्रायणीय ब्राह्मण, जाबाल ब्राह्मण, खाण्डिकेय ब्राह्मण, हारिद्रविक ब्राह्मण, कङ्कति ब्राह्मण, गालव ब्राह्मण, औखेय ब्राह्मण, भाल्लवि ब्राह्मण, शाट्यायनि ब्राह्मण, कालबवि ब्राह्मण, रौरुकी ब्राह्मण, तुम्बरु ब्राह्मण, आरुणेय ब्राह्मण, पैङ्गायनि ब्राह्मण, सौलभ ब्राह्मण, शैलालि ब्राह्मण, पराशर ब्राह्मण, माषशरावि ब्राह्मण, कापेय ब्राह्मण और अन्वाख्यान ब्राह्मण।

वेदों के उपनिषद् ❀

वेदों में [1]कर्मकाण्ड [2]उपासनाकाण्ड और [3]ज्ञानकाण्ड इन तीन विषयों का प्रतिपादन किया गया है। इनमें कर्मकाण्ड को 'ब्राह्मण', उपासनाकाण्ड को 'आरण्यक' और ज्ञानकाण्ड को 'उपनिषद्' कहा जाता है।

हम यहाँ केवल ज्ञानकाण्डात्मक उपनिषदों के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहते हैं। ज्ञानकाण्डात्मक उपनिषदों की संख्या के बारे में कहा गया है—

ऋग्वेदादिविभागेन वेदाश्चत्वार ईरिताः।
तेषां शाखा ह्यनेकाः स्युस्तासूपनिषदस्तथा॥
एकैकस्यास्तु शाखाया एकैकोपनिषन्मता॥

(मुक्तिकोपनिषद्, अध्याय १)

अर्थात् चारों वेदों की जितनी शाखाएँ हैं उतने ही उपनिषद् हैं। अर्थात् प्रत्येक वेद की प्रत्येक शाखाका प्रत्येक उपनिषद् स्वतन्त्र है। आज वर्तमान समय में जिस प्रकार वेद-चतुष्टयको ११३१ शाखाओं में केवल १२ शाखाएँ उपलब्ध हैं, उसी प्रकार इस समय वेद-संबद्ध उपनिषद् केवल १०८ प्राप्त हैं। अवशिष्ट उपनिषद् किसी दैविक प्रकोप अथवा हम भारतीयों की घृणित उपेक्षा से लुप्तप्राय से हो गये हैं। उपलब्ध उपनिषदों की भी यह व्यवस्था है कि आज बहुधा लोग उनके नाम तक नहीं जानते और न उनके पास उपलब्ध उपनिषद् ही प्राप्त हैं।

❀ हमारा यह लेख विस्तृत रूप से 'गीताधर्म' के १४ वें वर्ष के ५ वें अङ्क में प्रकाशित हो चुका है। जिसका कुछ अंश यहाँ दिया जाता है।

१—यज्ञ करना, दान देना और अध्यापन करना आदि 'कर्मकांड' कहा जाता है।

२—सन्ध्या और सूर्योपस्थान आदि 'उपासनाकाण्ड' कहा जाता है।

३—उपनिषद् भाग को 'ज्ञानकाण्ड' कहा जाता है।

अष्टोत्तरशत उपनिषदों के अन्तर्गत शुक्ल यजुर्वेदीय 'मुक्तिकोप—निषद्' के प्रथमाध्याय में चारों वेदों के उपनिषदों का इस प्रकार उल्लेख मिलता है—

ऋग्वेद के १० उपनिषद् हैं—ऐतरेयोपनिषत्, कौषीतकीब्राह्मणोपनिषत्, नादबिन्दूपनिषत्, आत्मप्रबोधोपनिषत्, मुद्गलोपनिषत्, अक्षमालिकोपनिषत्, त्रिपुरोपनिषत्, सौभाग्यलक्ष्म्युपनिषत् और बह्वृचोपनिषत्।

शुक्ल यजुर्वेद के १९ उपनिषद् हैं—ईशोपनिषत्, बृहदारण्यकोपनिषत्, जाबालोपनिषत्, हंसोपनिषत्, परमहंसोपनिषत्, सुबालोपनिषत्, मन्त्रिकोपनिषत्, निरालम्बोपनिषत्, त्रिशिखिब्राह्मणोपनिषत्, मण्डलब्राह्मणोपनिषत्, अद्वयतारकोपनिषत्, पैङ्गलोपनिषत्, भिक्षुकोपनिषत्, तुरीयातीतोपनिषत्, अध्यात्मोपनिषत्, याज्ञवल्क्योपनिषत्, शाट्यायनीयोपनिषत् और मुक्तिकोपनिषत्।

कृष्ण यजुर्वेद के ३२ उपनिषद् हैं—कठोपनिषत्, तैत्तिरीयोपनिषत्, ब्रह्मोपनिषत्, कैवल्योपनिषत्, श्वेताश्वतरोपनिषत्, गर्भोपनिषत्, नारायणोपनिषत्, अमृतबिन्दूपनिषत्, अमृतनादोपनिषत्, कालाग्निरुद्रोपनिषत्, क्षुरिकोपनिषत्, सर्वसारोपनिषत्, शुकरहस्योपनिषत्, तेजोबिन्दूपनिषत्, ध्यानबिन्दूपनिषत्, ब्रह्मविद्योपनिषत्, योगतत्त्वोपनिषत्, दक्षिणामूर्त्युपनिषत्, स्कन्दोपनिषत्, शारीरकोपनिषत्, योगशिखोपनिषत्, एकाक्षरोपनिषत्, अक्ष्युपनिषत्, अवधूतोपनिषत्, कठरुद्रोपनिषत्, रुद्रहृदयोपनिषत्, योगकुण्डलिन्युपनिषत्, पञ्चब्रह्मोपनिषत, प्राणाग्निहोत्रोपनिषत्, वराहोपनिषत्, कलिसन्तरणोपनिषत् और सरस्वतीरहस्योपनिषत्।

सामवेद के १६ उपनिषद् हैं—केनोपनिषत्, छान्दोग्योपनिषत्, आरुणिकोपनिषत्, मैत्रायण्युपनिषत्, मैत्रेय्युपनिषत्, वज्रसूचिकोपनिषत्, योगचूडामण्युपनिषत्, वासुदेवोपनिषत्, महोपनिषत्, संन्यासोपनिषत्, अव्यक्तोपनिषत्, कुण्डिकोपनिषत्, सावित्र्युपनिषत्, रुद्राक्षोपनिषत्, दर्शनजाबालोपनिषत् और जाबाल्युपनिषत्।

अर्थवेद के ३१ उपनिषद् हैं—प्रश्नोपनिषत्, मुण्डकोपनिषत्, माण्डूक्योपनिषत्, अथर्वशिरोपनिषत्, अथर्वशिखोपनिषत्, बृहज्जाबालोपनिषत्, नृसिंहतापिन्युपनिषत्, नारदपरिव्राजकोपनिषत्, सीतोपनिषत्‌शरभोपनिषत्, महानारायणोपनिषत्, रामरहस्योपनिषत्, रामतापिन्युपनिषत्, शाण्डिल्योपनिषत्, परमहंसपरिव्राजकोपनिषत्, अन्नपूर्णोपनिषत्, सूर्योपनिषत्, आत्मोपनिषत्, पाशुपतपरब्रह्मोपनिषत्, त्रिपुरातपनोपनिषत्, देव्युपनिषत्, भावनोपनिषत्, ब्रह्मोपनिषत्, जाबालोपनिषत्, गणपत्युपनिषत्, महावाक्योपनिषत्, गोपालतनोपनिषत्, कृष्णोपनिषत्, हयग्रीवोपनिषत्, दत्तात्रेयोपनिषत् और गारुडोपनिषत् ।

उपर्युक्त चारों वेदों के उपनिषदों को सङ्कलन करने से १०८ उपनिषद् होते हैं। यही उपनिषदें अष्टोत्तरशत उपनिषदों के नाम गद्य-पद्यरूप में 'मुक्तिकोपनिषद्' के प्रथमाध्याय में उल्लिखित हैं। 'उपनिषत्समुच्चय' नामक ग्रन्थ में अष्टोत्तरशत उपनिषदोंका संग्रह प्रकाशित भी हो चुका है।

अधुना उपनिषदों की संख्या २३२ या २३९ कही जाती है। २३९ उपनिषदों के नाम 'उपनिषद्वाक्य महाकोश' के दो भागों में मिलते हैं, किन्तु इनमें 'अल्लोपनिषद्' जैसे कतिपय अप्राचीन एवं अप्रामाणिक उपनिषदों का भी समावेश पाया जाता है। अतः वेद-सम्बद्ध अष्टोत्तरशत उपनिषदों के अतिरिक्त अन्य उपनिषद् विशेष प्रामाणिक और महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। मुक्तिकोपनिषद् के 'सर्वोपनिषदां मध्ये सारमष्टोत्तरं शतम्' इस वाक्यानुसार अष्टोत्तरशत उपनिषद् ही प्रामाणिक और शास्त्रप्रतिपादित हैं।

अष्टोत्तरशतोपनिषदों में मुख्य उपनिषद् १० हैं, जिनके नाम ये हैं—

ईश-केन-कठ-प्रश्न-मुण्ड माण्डूक्य-तित्तिरिः ।
ऐतरेयं च छान्दोग्यं बृहदारण्यकं तथा ॥
(मुक्तिकोपनिषत्)

ऋग्वेद का ऐतरेय, शुक्ल यजुर्वेद के ईश और बृहदारण्यक, कृष्ण यजुर्वेद के तैत्तिरीय और कठ, सामवेद के केन और छान्दोग्य तथा अथर्ववेद के प्रश्न, मुण्डक और माण्डूक्य उपनिषद् हैं। उक्त दशों उपनिषदों में केवल 'ईशोपनिषद्' संहिता भाग के अन्तर्गत है और अवशिष्ट नौ उपनिषद् ब्राह्मण भाग के अन्तर्गत हैं।

वस्तुतः उक्त दशोपनिषद् वैदिक—विषयसे ओतप्रोत हैं और शेष उपनिषद् वैदिक विषय से शून्य हैं। इसलिए भगवान् शङ्कराचार्यजी ने केवल वेदसम्बद्ध दशोपनिषदों पर ही भाष्य किया है। अवशिष्ट उपनिषदों को परिशिष्ट समझ कर उन पर भाष्य नहीं किया। अतएव अष्टोत्तरशतोपनिषदों में दश उपनिषद् मुख्य माने जाते हैं। सम्प्रति दशोपनिषदों का ही विशेषरूप से अध्ययनाध्यापन विद्वत्समाज में विशेष प्रचलित है।

उपर्युक्त दशोपनिषदों में भी माध्यन्दिनीय ईश और बृहदारण्यक ये दो उपनिषद् विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि दशोपनिषदों में 'ईशोपनिषद्' सबसे छोटा होने पर भी यह समस्त उपनिषदों के प्रारम्भ में है। इसीलिए यह मुख्य है और दूसरा 'बृहदारण्यकोप-निषद्' समस्त उपनिषदों के अन्त में है, जो कि ईशोपनिषद्का ही व्याख्यानरूप है। यह सबसे बड़ा उपनिषद् है। समस्त उपनिषदों की 'आरण्यक' संज्ञा है, किंतु बृहदारण्यक के महत्त्व की दृष्टि से इसमें 'बृहत्' शब्द विशेष दिया गया है। जिस प्रकार रेलगाड़ी के प्रारम्भ में इंजन और अन्त में गार्डके बगैर समूची गाड़ी की चलन-क्रिया दुष्कर है, उसी प्रकार माध्यन्दिनीय ईश और बृहदारण्यक इन दो उपनिषदोंके आदि-अन्त में रहे बिना अन्य उपनिषदों की ज्ञानगति सर्वथा असम्भव है। वस्तुतः समस्त उपनिषदों का बीज 'ईशोपनिषद्' है और ईशोपनिषद् का ही व्याख्यानरूप 'बृहदारण्यक' है।

चारों वेदों की शिक्षाएँ

ऋग्वेद की केवल[१] पाणिनीय शिक्षा है।

शुक्ल-यजुर्वेद की २५ शिक्षाएँ प्रसिद्ध हैं—याज्ञवल्क्य शिक्षा, वाशिष्ठी शिक्षा, कात्यायनी शिक्षा, पाराशरी शिक्षा, माण्डव्य शिक्षा, अमोघानन्दिनी शिक्षा, लघ्वमोघानन्दिनी शिक्षा, अमरेशी शिक्षा, केशवी गद्यात्मिका, केशवी पद्यात्मिका, मल्लशर्म शिक्षा, स्वराङ्कुश शिक्षा, अवसाननिर्णय शिक्षा, स्वरभक्तिनिर्णय शिक्षा, क्रमसन्धान शिक्षा, गलदृक् शिक्षा, मनःस्वार शिक्षा, प्रतिशाख्य-प्रदीप शिक्षा, वेद-परिभाषासूत्र शिक्षा, वेदपरिभाषाकारिका शिक्षा, यजुर्विधान शिक्षा, स्वराष्टक शिक्षा, क्रमकारिका शिक्षा, माध्यन्दिनीय शिक्षा और लघु-माध्यन्दिनीय शिक्षा।

कृष्ण-यजुर्वेद की केवल १ व्यास शिक्षा है।

सामवेद की ३ शिक्षाएँ हैं—गौतमी शिक्षा, लोमशी शिक्षा और नारदी शिक्षा।

अथर्ववेद की केवल १ माण्डूकि शिक्षा है।

सर्ववेदविषयिणी शिक्षाएँ

चारों वेदों में उपयुक्त होनेवाली ३ शिक्षाएँ प्रसिद्ध हैं—पाणिनीय शिक्षा, शिक्षाप्रकाश और षोडशश्लोकी शिक्षा।

ऋग्वेद के परिशिष्ट

ऋग्वेद के सूत्र-ब्राह्मणात्मक २२ परिशिष्ट प्रसिद्ध हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं—

बृहद्देवता, आर्षानुक्रमणी, छन्दोऽनुक्रमणी, अनुवाकानुक्रमणी, निविदध्याय, रैभ्याध्याय, कुन्तापाध्याय, पारीक्षित्यध्याय, कारव्य, दिशां क्लृप्ति, जनकल्प, इन्द्रप्रगाथा, एतशप्रलाप, प्रवह्लिका, आजिज्ञा-सेन्या, प्रतिराध्य, अतिवाद, देवनीथ, भूतेच्छद, पुरोरुक्, प्रैषाध्याय

और ऋग्विधान। इनके अतिरिक्त कुछ और भी परिशिष्ट मन्त्ररूप में ऋक्संहिता में तत्तत्स्थलों में पठित हैं। विस्तारभय से उनका उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है। ऋक्संहितान्तर्गत परिशिष्टों के परिचयार्थ हमारी लिखित 'वेद-विज्ञान-मीमांसा' (प्रकाशक—भार्गव पुस्तकालय, काशी) नामकी पुस्तक देखनी चाहिए।

शुक्ल यजुर्वेद के परिशिष्ट

शुक्ल यजुर्वेद के १८ परिशिष्ट प्रसिद्ध हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं—

यूपलक्षण, छागलक्षण, प्रतिज्ञासूत्र, अनुवाकसूत्र, क्रतुसंख्या परिशिष्ट, निगम परिशिष्ट, चरणव्यूह परिशिष्ट, श्राद्धसूत्र, शुल्वसूत्र, पार्षदसूत्र, इष्टकासूत्र, इष्टकापूरणसूत्र, प्रवराध्याय, उक्थ्यशास्त्र, यज्ञपार्श्व परिशिष्ट, हौत्र परिशिष्ट, प्रसवोत्थान, गृह्यपरिशिष्ट और कूर्मलक्षण।

कृष्ण यजुर्वेद का परिशिष्ट

कृष्ण यजुर्वेद का केवल एक 'हिरण्यकेशि गृह्यशेषसूत्र' परिशिष्ट प्रसिद्ध है।

सामवेद के परिशिष्ट

सामवेद के ५४ परिशिष्ट प्रसिद्ध हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं—

स्नानसूत्र, सन्ध्यासूत्र, गोभिलगृह्यसूत्र, अपरसूत्र, पुष्पसूत्र, गृह्यासंग्रह, कर्मप्रदीप, गोभिलीय परिशिष्ट, श्राद्धकल्प, अद्भुतशान्ति, कुशकण्डिका, महानाम्नी, आचमन, अमृताहरण, गायत्र्यनुक्रमणी, सामगीती, सामप्रकाश, सामदर्पण, सामसंख्या, उपवीत, स्थितिसन्धि, रुद्रविधान, मात्रालक्षण, छल्लाविधान, वृषोत्सर्ग, क्रतुसंख्याविधि, षड्वर्णिका, गीतिसंज्ञा, गीतिकल्प, प्रवासविधि, प्रणत, चरणव्यूह, कलशोत्पत्ति, नैगेयानां ऋत्तुदेवता, प्रौष्ठपदी, सावित्रपाणी, गणपतिस्तोत्र, भूतपाड़ी, गीतपाड़ी, मन्त्रानुक्रमणिका,

पत्नहोमविधान, विशेषभूतपाड़ी, स्तोभानुसंहार, आवणविधि, संस्कार, हितवाक्य, उत्तरहितवाक्य, सोमोत्पत्ति, प्रातर्होम, गायत्रविधान, श्रौतप्रायश्चित्त, श्रौतहोम, अमृताहरण और अवगृहपददशक।

अथर्ववेद के परिशिष्ट

अथर्ववेद के ७३ परिशिष्ट प्रसिद्ध हैं। जिनके नाम इस प्रकार हैं–

नक्षत्रकल्प, राष्ट्रसंवर्ग, राजप्रथमाभिषेक, राजपुरोहितकर्म, पुष्याभिषेक, पिष्टरात्रिकल्प, घृतावेक्षण, तिलधेनुविधि, भूमिदानविधि, तुलादानविधि, अपूपदानविधि, हिरण्यगर्भविधि, हस्ति-रथ-दानविधि, अश्व-रथ-दानविधि, गोसहस्रदानविधि, हस्त्यश्वदीक्षा, असांवत्सरीय हस्त्यश्वदीक्षा, वृषोत्सर्ग, इन्द्रमहोत्सवविधि, ब्रह्मयाग, स्कन्दयागमहोत्सवविधि, सम्भारलक्षण, अरणिलक्षण. यज्ञपात्रलक्षण, वेदिलक्षण, कुण्डलक्षण, समिल्लक्षण, स्रुवलक्षण, हस्तलक्षण, लघुलक्षहोम, बृहल्लक्षहोम, कोटिहोमविधि, गणमालाविधि. घृतकम्बलविधि, अनुलोमकल्प, आसुरीकल्प, उच्छुष्मकल्प, समुच्चयप्रायश्चित्तविधि, ब्रह्मकूर्चविधि. तड़ागादिविधि, पाशुपतव्रत, सन्ध्योपासनविधि, स्नानविधि, तर्पणविधि श्राद्धविधि, अग्निहोत्रकल्प, उभयपटल, वर्षापटल, चरणव्यूह, चन्द्रप्रातिपदिक, ग्रहयुद्ध, ग्रहसंग्रहविधि, राहुचार, केतुचार ऋतुकेतुलक्षण, कूर्मविभाग, मण्डल, दिग्दाहलक्षण, उल्कालक्षण, विद्युतलक्षण, परिवेषलक्षण, भूमिकम्पलक्षण, नक्षत्रग्रहोत्पातलक्षण, शेषोत्पातलक्षण, सद्योवृष्टिलक्षण, अद्भुतशान्ति, स्वप्नाध्याय, अथर्वहृदय, आरात्रिकल्प, भार्गवपरिशिष्ट, बार्हस्पत्य परिशिष्ट, उशनसाद्भुत परिशिष्ट और महाद्भुत परिशिष्ट।

वेदों के कल्प

चारों वेदों के कर्म-विभाग के व्यवस्थापनार्थ ऋषियों ने नक्षत्र कल्प, वेद कल्प, संहिता कल्प, आङ्गिरस कल्प और शान्ति कल्प,

इन पाँच कल्पों का निर्माण किया है। इन पाँचों कल्पों में नक्षत्र कल्प, आङ्गिरस कल्प और शान्ति कल्प ये तीन कल्प चारों वेदों के लिए एक ही कहे गए हैं। और वेदकल्प तथा संहिताकल्प ये दो कल्प प्रत्येक वेद के लिए पृथक्-पृथक् कहे गए हैं, इनका विस्तृत विवेचन 'नारदपुराण' में इस प्रकार किया गया है—

नक्षत्रकल्पो वेदानां संहितानां तथैव च।
चतुर्थः स्यादाङ्गिरसः शान्तिकल्पस्तु पञ्चमः॥
नक्षत्राधीश्वराख्यानं विस्तरेण यथातथम्।
नक्षत्रकल्पे निर्दिष्टं ज्ञातव्यं तदिहापि च॥
वेदकल्पे विधानं तु ऋगादीनां मुनीश्वर।
धर्मार्थकाममोक्षाणां सिद्ध्यै प्रोक्तं सविस्तरम्॥
मन्त्राणां ऋषयश्चैव छन्दांस्यथ च देवताः।
निर्दिष्टाः संहिताकल्पे मुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः॥
तथैवाङ्गिरसे कल्पे षट् कर्माणि सविस्तरम्।
अभिचारविधानेन निर्दिष्टानि स्वयम्भुवा॥
शान्तिकल्पे तु दिव्यानां भौमानां मुनिसत्तम।
तथान्तरिक्षोत्पातानां शान्तयो ह्युदिताः पृथक्॥
सङ्क्षेपेणैतदुद्दिष्टं लक्षणं कल्पलक्षणे।
विशेषः पृथगेतेषां स्थितः शाखान्तरेषु च॥

नक्षत्र कल्प में नक्षत्रों का विधान प्रत्येक नक्षत्र देवता के अनुसार भिन्न-भिन्न रूप से लिखा है। (यह कल्प चारों वेदों के लिए एक ही कहा गया है)।

वेदकल्प में श्रौतकर्म अर्थात् प्रत्येक वेद के कार्य पूर्वकथनानुसार अलग-अलग कहे गए हैं। (यह कल्प प्रत्येक वेद का पृथक्-पृथक् कहा गया है)।

संहिता कल्प (संहिताविधि अथवा स्मार्तसूत्र) में समस्त संस्कारों का वर्णन तथा संहिता के समस्त मन्त्रों का विधान, ऋषि, छन्द

और देवता के रहस्य को जानकर किया गया है, किन्तु यह केवल 'अथर्वसंहिता-कल्प' में ही दिखाई देता है। अन्य वेदों के संहिता कल्प में केवल संस्कार का ही विधान किया गया है। इसका कारण यह है कि त्रयी का विनियोग केवल 'श्रौत' में ही है, उसमें काम्य कर्म प्रधान रूप से नहीं हैं। अथर्ववेद में विशेष रूप से काम्य-कर्म की प्रधानता है, अतः अथर्वसंहिता के समस्त मन्त्रों का विधान संहिता कल्प में दिया गया है। (यह कल्प प्रत्येक वेद का पृथक्-पृथक् कहा गया है)।

आङ्गिरस कल्प में मारण, मोहन, वशीकरण, उच्चाटन, विद्वेषण और जागरण इन छः प्रयोगों का उल्लेख किया गया है, साथ ही अभिचार कर्म का भी विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। (यह कल्प चारों वेदों के लिए एक ही कहा गया है)।

शान्ति कल्प में भूकम्पन, तारापतन, सप्तग्रही, अग्निवृष्टि, अतिवृष्टि, अनावृष्टि आदि अनेक प्रकार के उत्पातशान्त्यर्थ तथा पर कृत्यादि अभिचार एवं महामारी प्रभृति के शमनार्थ तीस प्रकार की महाशान्तियाँ कही गई हैं। इन महाशान्तियों का विस्तृत विवेचन 'कोटिहोम-पद्धति' में किया गया है। (यह कल्प चारों वेदों के लिए एक ही कहा गया है)।

चारों वेदों के वर्ण आदि स्वरूप का निरूपण

ऋग्वेदः श्वेतवर्णः स्यात् द्विभुजो रासभाननः।
अक्षमालायुतः सौम्यः प्रीतश्चाध्ययनोद्यतः॥ १॥
अजास्यः पीतवर्णः स्यात् यजुर्वेदोऽक्षसूत्रधृक्।
वामे कुलिशपाणिस्तु भूतिदो मङ्गलप्रदः॥ ३॥
नीलोत्पलदलाभासः सामवेदो हयाननः।
अक्षमालान्वितो दक्षे वामे कम्बुधरः स्मृतः॥ २॥
अथर्वणाभिधो वेदो धवलो मर्कटाननः।
अक्षसूत्रं च खट्वाङ्गं बिभ्राणो यजनप्रियः॥४॥ (हेमाद्रौ)

ऋग्वेद का सफेद वर्ण है, दो हाथ हैं, गर्दभ जैसा मुख है,

स्फटिक माला धारण किए हुए हैं, सौम्य हैं, प्रिय हैं और अध्ययन में सर्वदा उद्यत रहते हैं ॥ १ ॥

यजुर्वेद का पीला वर्ण है, बकरी जैसा मुख है, स्फटिक को माला धारण किए हुए हैं, बाएँ हाथ में वज्र धारण किए हुए हैं, ऐश्वर्य और मङ्गल को देनेवाले हैं ॥ २ ॥

सामवेद का नील कमल से उत्पन्न आभा की तरह वर्ण है, घोड़े जैसा मुख है, दाहिने हाथ में स्फटिक की माला और बाएँ हाथ में शंख धारण किए हुए हैं ॥ ३ ॥

अथर्ववेद का सफेद वर्ण है, बन्दर जैसा मुख है, स्फटिक की माला और खट्वाङ्ग धारण किए हुए हैं, तथा यज्ञ के प्रेमी हैं ॥ ४ ॥

ब्राह्मण भाग भी वेद हैं

प्राचीन महर्षिगण तथा कल्पसूत्रादिकार मन्त्र तथा ब्राह्मण इन दोनों भागों को 'वेद' स्वीकार करते हैं। अतएव भगवान् बौधायन ने अपने धर्मसूत्र में "मन्त्रब्राह्मणमित्याहुः" (बौ० सू० १।२) इससे तथा आपस्तम्ब एवं कात्यायन ने क्रमशः "मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्" (आप० यज्ञप० २४।१।३१, कात्या० प्रतिज्ञाप० १।१) इस सूत्र से ब्राह्मण भाग को वेदत्व ही स्पष्ट स्वीकार किया है। मीमांसाशास्त्रकार महर्षि जैमिनि ने "वेदसंयोगात्" (जैमि० ३।४।२२) इस सूत्र में "तस्मात्सुवर्णं हिरण्यं भार्यं दुर्वर्णोऽस्य भ्रातृव्यो भवति" इस वाक्य से विहित सुवर्ण धारण का ही वेद के साथ संयोग कहा है। यदि ब्राह्मण भाग को वेदत्व न हो तो उस वाक्य से विहित सुवर्ण धारण का वेद के साथ संयोग कैसे उत्पन्न होगा ? इसी प्रकार "वेदो वा प्रायदर्शनात्" (जै० ३।३।२), वेदसंयोगान्न प्रकरणे बाध्यते" (जै० ३।३।८), "वेदोपदेशात् पूर्ववद्वेदान्यत्वे यथोपदेशं स्युः" (जैमि० ३।७।५०), "संस्कारास्तु पुरुषसामर्थ्ये यथावेदं कर्मवद् व्यवतिष्ठेरन्" (जैमि० ३।८।३) इत्यादि सूत्रों से भी ब्राह्मण भाग के वेदत्वकी ही परिपुष्टि सुतरां सिद्ध होती है।

कुछ लोगों का कहना है—'वेद' शब्द विद्या का अपर पर्याय है और मन्त्र भाग ही समस्त विद्याओं का निदान था। अतः विद्या के अपर पर्याय 'वेद' शब्द से मन्त्र भाग ही गृहीत होता है। अतएव "वेदेन रूपे व्यपिबत्सुतासुतौ" (शु० य० १६।७८) "यस्मिन्वेदा निहिता विश्वरूपाः" (अथर्व० ४।७।६) "त्रयो वेदा अजायन्त" (ऐत० ब्रा० २५।७) "वेदा वा एते, अनन्ता वै वेदाः" (तैत्ति० ब्रा० ३।१०।११।४) इत्यादि अनेक प्रमाण भी संगत होते हैं। किन्तु निर्दिष्ट प्रमाणों द्वारा केवल मन्त्र-भागात्मकत्व ही नहीं, वरन् मन्त्रब्राह्मणोभयात्मकता ही सिद्ध होती है और यत्र तत्र प्रयुक्त 'त्रयी' शब्द का भी उभयात्मकत्व में ही तात्पर्य है।

वेद चार ही हैं

अमरकोश के 'श्रुतिः स्त्री वेद आम्नायस्त्रयी' इन नामों में 'वेद' का पर्यायवाचक शब्द 'त्रयी' भी आता है। वेद-मन्त्रों को त्रयी कहने में रचना के तीन भेद ही कारण हैं। क्योंकि गद्य, पद्य तथा गान के अतिरिक्त और कोई वेद की रचना का प्रकार नहीं है, अतएव ऋक्संहिता, यजुःसंहिता, सामसंहिता तथा अथर्वसंहिता में ऋक्, यजु और सामके अतिरिक्त कोई मन्त्र नहीं मिलता। अतः महर्षि जैमिनि ने अपने 'मीमांसादर्शन' में इस प्रकार कहा है—

"तेषामृक् यत्रार्थवशेन पादव्यवस्था। गीतिषु सामाख्या। शेषे यजुःशब्दः।" (२।१।३५—३७)

'अधिकरणमाला' में भी स्पष्ट कहा है—

"पादेनार्थेन चोपेता वृत्तबद्धा मन्त्रा ऋचः, गीतिरूपा मन्त्राः सामानि, वृत्तगीतिवर्जितत्वेन प्रश्लिष्टपठिता मन्त्रा यजूंषि।"

उपर्युक्त सिद्धान्तानुसार तीन प्रकार की रचनाओं से युक्त वाणी को ही 'त्रयी' अथवा 'वेद' कहते हैं। यद्यपि मंत्रों की रचना एवं नियम में भिन्नता होने के कारण उनका 'त्रयी' नाम पड़ा है, तथापि त्रयी-शब्दबोध्य 'मन्त्र-भाग' ही होता है, यह बात सुस्पष्ट है।

"त्रयो वेदा अजायन्त अग्नेर्ऋग्वेदो, वायोर्यजुर्वेदः, सूर्यात्सामवेदः ।"

(शत० ब्रा० ११।५।८)

"यद्दचैव हौत्रं क्रियते यजुषाऽऽध्वर्यवं साम्नोद्गीथं व्यारब्धा त्रयी विद्या भवति ।" (ऐत० ब्रा० ५।५।८)

"स एतां त्रयीं विद्यामभ्यपतत् ।" (छान्दो० ब्रा० ६।१७)

"सैषा वाक् त्रेधा विहिता ऋचो यजूंषि सामानि ।" (शत०ब्रा०१।५।१।२)

"यस्मिन्नृचः साम यजूंषि ।" (शु० य० ३४।५)

अहे बुध्निय मन्त्रं मे गोपाय यमृषयस्त्रैविदा विदुः ।
ऋचः सामानि यजूंषि सा हि स्मृता सताम् ॥

(तैत्ति० ब्रा० १।२।२६)

अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम् । दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थमृग्यजुः सामलक्षणम् ॥

(मनु० १।२३)

उपर्युक्त अनेक श्रुतिस्मृति वाक्यों में तीन वेद का ही आविर्भाव कहा गया है, अतएव वेद की 'त्रयी' यह संज्ञा व्यवहृत की गई है। वेद की त्रयी-संज्ञा होने के कारण प्रतीत होता है कि पहले ऋक्, यजु, साम नामक केवल तीन ही वेद थे और 'अथर्व' नामक कोई वेद ही नहीं था। वस्तुतः 'त्रयी' शब्द से ऋक्, यजु, साम इन तीन वेदों का ही बोध होता है, न कि अथर्ववेद का। अथर्ववेद का बोध आपाततः गौणी वृत्ति से ही समझना चाहिए। इस प्रकार ऋक्, यजु और साम ये तीन वेद ही अत्यन्त प्राचीन सिद्ध हुए। कुछ लोगों का कहना है कि अथर्ववेद पूर्वोक्त वेदत्रय की अपेक्षा नवीन तथा उन्हीं का परिशिष्ट रूप है, परन्तु इस कथन में विशेष प्रामाणिकता प्रतीत नहीं होती, क्योंकि उसका साधक कोई विशेष प्रमाण उपलब्ध नहीं है। यदि यह कहा जाय कि अथर्ववेद में यदा कदा प्रयुक्त होने वाले 'त्रयी' शब्द का व्यवहार ही इस कल्पना का मूल कारण है, तो यह कथन भी ठीक नहीं है। क्योंकि तुल्ययुक्त्या त्रयी नाम से उसके (अथर्ववेद के) अभाव की ही सिद्धि क्यों न समझी जाय ? । अतः वेद तीन प्रकार के

ही होते हैं। अथर्ववेद को ऋग्यजुःस्वरूप होने के कारण उसे अतिरिक्त स्वीकार करना उचित नहीं है।

जिस प्रकार सामप्राधान्य 'सामवेद' में पठित ऋक् मन्त्रों को ऋक्त्व, यजुर्मन्त्रों को यजुष्ट्वादि स्वीकृत होने पर भी उनका सामवेदत्व खण्डित नहीं होता उसी प्रकार अथर्ववेद में पठित मन्त्रों में ऋक्त्व एवं यजुष्ट्वादि स्वीकृत होने पर भी उनकी अथर्व-वेदस्वरूपता प्रतिपादन में कोई क्षति नहीं है। अतः अथर्ववेद भी स्वतन्त्र वेद है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं।

अथर्ववेद-सहित वेद चतुष्टय की सिद्धि में निम्नलिखित प्रमाण उद्धृत किए जाते हैं—

विनियोक्तव्यरूपश्च त्रिविधः सम्प्रदर्श्यते।
ऋग्यजुःसामभेदेन मन्त्रो वेदचतुष्टये॥
अहे बुध्निय मन्त्रं मे गोपायेत्यभिधीयते।
ऋक् पादबद्धा गीतन्तु साम गद्यं यजुर्मतम्॥
चतुर्ष्वपि हि वेदेषु त्रिधैव विनियुज्यते॥ (सर्वानुक्रमणी-वृत्ति)

'स होवाच ऋग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमथर्वाणं चतुर्थम्'। (छान्दोग्यब्राह्मण)

'चत्वारो वा इमे वेदा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदो ब्रह्मवेदः।' (गोपथब्राह्मण)

'चत्वारो वेदाः साङ्गाः सोपनिषदः सेतिहासाः।' (गायत्र्युपनिषत्)

'तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः।' (मुण्डकोपनिषत्)

'चत्वारो वा इमे वेदा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरसः।' (बृहदारण्यक)

यस्मादृचोऽअपातक्षन्यजुर्यस्मादपाकषन्।
सामानि यस्य लोमान्यथर्वाङ्गिरसोमुखम्॥ (अथर्ववेद, १०।७।२०)

साङ्गोपनिषदान्वेदान् चतुराख्यानपञ्चमान्।
एकतश्चतुरो वेदान् भारतञ्चैतदेकतः॥ (महाभारत)

वस्तुतः अथर्ववेद कतिपय मन्त्र—विशेषरूप को ही नहीं कहते, किन्तु जिस प्रकार शाकलादि शाखाओं का नाम ऋग्वेद, काण्वादि

शाखाओं का नाम यजुर्वेद, कौथुमादि शाखाओं का नाम सामवेद है, इसी प्रकार शौनकादि शाखाओं का नाम अथर्ववेद है। अतः एक ही वेद त्रिविध रचनाओं के कारण 'त्रयी' इस नाम से तथा [1]ऋक्संहिता, [2]यजुःसंहिता, [3]सामसंहिता और [4]अथर्वसंहिता से युक्त चार संख्या वाला कहा जाता है। इन चार संख्या वाले वेद के उपयोगार्थ क्रमशः होता, अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा इन चार ऋत्विजों का बोध "ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान्०" (ऋ० १०।७१।११) इत्यादि श्रुति से हुआ। इन चारों ऋत्विजों के बोध होने पर 'ऐतरेय ब्राह्मण' ने 'अथ केन ब्रह्मत्वं क्रियते ?' (५।५।८) यह शंका उपस्थित की। इस शंका का समाधान भी वही 'ऐतरेय ब्राह्मण' 'यदेतत् त्रय्यै विद्यायै शुक्रं तेन ब्रह्मत्वमकरोत्' इस प्रकार करता है।

"यदृचैव हौत्रं क्रियते यजुषाऽऽध्वर्यवं साम्नोद्गीथं व्यारब्धा त्रयी विद्या भवत्यथ केन ब्रह्मत्वं क्रियते त्रय्या विद्ययेति ब्रूयात्।" (ऐ० ब्रा० ५।५।८)।

उपर्युक्त ऐतरेय ब्राह्मण में 'त्रय्या विद्यया' इससे समस्त त्रयी-विद्या ब्रह्मत्व-करण में साधक है, यह प्रतीत होता है। अतः अथर्वसंहिता के अध्ययन के बिना समस्त त्रयी का ज्ञान कथमपि सम्भव नहीं है। क्योंकि होता, अध्वर्यु, उद्गाता इन नामों के व्यवहार के अतिरिक्त भी ऋक्, यजु आदि के नाम का व्यवहार सम्भव रहता है। अतः निष्कर्ष यह

१—जिस वेद मे ऋग्वेद के मन्त्रों का आधिक्य हो उसे 'ऋक् संहिता' कहते हैं।

२—जिस वेद में यजुर्वेद के मन्त्रों का आधिक्य हो उसे यजुःसंहिता कहते हैं।

३—जिस वेद में सामवेद के मन्त्रों का आधिक्य हो उसे 'सामसंहिता कहते हैं।

४—जिस वेद में अथर्ववेद के मन्त्रों का आधिक्य हो उसे 'अथर्वसंहिता' कहते हैं।

निकला कि मूलतः एक ही वेद के रचना भेद से त्रयीत्व होने पर भी होत्रादि कार्य के सौकर्यार्थ इसके ऋक्, यजु, साम और अथर्व, ये चार भेद किए गए हैं। अतएव महर्षि यास्क ने "चत्वारि शृङ्गा" (शु० य० १७।६१) इस मन्त्र की व्याख्या करते हुए ""वेदा वा एत उक्ताः" (१३। १।७) यह स्पष्ट कहा है।

पूर्वोक्त 'ऋचां त्वः पोषमास्ते पुपुष्वान्' (ऋ० १०।७१।११) इस श्रुति के अनुसार चार प्रकार के ऋत्विजों के बोध सिद्ध होने पर उन्हें यज्ञ कराने के लिए ही प्रजापति ब्रह्मा और भगवान् विष्णु व्यासदेव का रूप धारण कर प्रतियुग में वेद के चार विभाग करते हैं। इस विषय का उल्लेख पुराणों में यों लिखा है—

वेदमेकं चतुष्पादं चतुर्धा व्यभजत्प्रभुः।
ब्रह्मणो वचनात्तात लोकानां हितकाम्यया॥
तदिदं वर्तमानेन युष्माकं वेदकल्पनम्।
मन्वन्तरेण वक्ष्यामि व्यतीतानां प्रकल्पनम्॥ (वायुपुराण)
प्रथमं सर्वशास्त्राणां पुराणं ब्रह्मणा स्मृतम्।
अनन्तरं तु वक्त्रेभ्यो वेदास्तस्य विनिर्गताः॥ (शिवपुराण)
ऋचो बभूवुः प्रथमं प्रथमाद्वदनान्मुने।
जपापुष्पनिभाः सद्यस्तेजोरूपा ह्यसंहताः॥
पृथक्पृथक् विभिन्नाश्च रजोरूपवहारततः।
यजूंषि दक्षिणाद्वक्त्रादविरुद्धानि कानिचित्॥
यादृग्वर्णं तथा वर्णान्यसंहतिधराणि च।
पश्चिमं यद्विभोर्वक्त्रं ब्रह्मणः परमेष्ठिनः॥
आविर्भूतानि सामानि ततश्छन्दांसि नान्यथा।
आथर्वणमशेषं च भृङ्गाञ्जनचयप्रभम्॥
यावद्घोरस्वरूपं तदाभिचारिकशान्तिकम्।
उत्तरात्प्रकटीभूतं वदनात्तस्य वेधसः॥ (मार्कण्डेयपुराण)
अस्मिन्युगे कृते व्यासः पाराशर्यः परं तपः।
द्वैपायन इति ख्यातो विष्णोरंशः प्रकीर्तितः॥

अथ शिष्यान्स जग्राह चतुरो वेदकारणात् ।
ऋग्वेदं श्रावकं पैलं जग्राह विधिवद् द्विजम् ॥
यजुर्वेदप्रवक्तारं वैशम्पायनमेव च ।
जैमिनिं सामवेदार्थं श्रावकं सोन्वपद्यत ॥
तथैवाथर्ववेदस्य सुमन्तुमृषिसत्तमम् ।
चतुर्होत्रमभूत्तस्मिन्तेन यज्ञमकल्पयत् ॥
आध्वर्यवं यजुर्भिस्तु ऋग्भिर्होत्रं तथैव च ।
उद्गात्रं सामभिश्चक्रे ब्रह्मत्वं चाप्यथर्वभिः ॥
ब्रह्मत्वमकरोद्यज्ञे वेदेनाथर्वणेन तु ।
राज्ञस्त्वथर्ववेदेन सर्वकर्माण्यकारयत् ॥ (वायुपुराण)
ततः स ऋचमुद्धृत्य ऋग्वेदं समकल्पयत् ।
होतृकं कल्पयेत्तेन यजुर्वेदं जगत्पतिः ॥
सामभिः सामवेदं च तेनौद्गात्रमकल्पयत् ।
राज्ञस्त्वथर्ववेदेन सर्वकर्माण्यकारयत् ॥
ब्रह्मत्वं कल्पयेद् ब्रह्मा वेदेनाथर्वणेन तु ॥ (ब्रह्माण्डपुराण)
चतुर्होत्रमभूत्तस्मिन्तेन यज्ञमथाकरोत् ।
आध्वर्यवं यजुर्भिस्तु ऋग्भिर्होत्रं तथा मुनिः ॥
औद्गात्रं सामभिश्चक्रे ब्रह्मत्वं चाप्यथर्वभिः !
राज्ञां चाथर्ववेदेन सर्वकर्माणि च प्रभुः ॥ (विष्णुपुराण)

इस प्रकार उपर्युक्त श्रौत-स्मार्तादि अनेक प्रमाणों से चारों वेदों का वेदत्व स्पष्ट सिद्ध हो जाता है ।

* वेद अपौरुषेय हैं

'वेद' पौरुषेय (मनुष्यकृत) हैं या अपौरुषेय यह विषय विचारणीय है ।

---

* हमारा यह लेख 'कल्याण' के तेरहवें वर्ष के सातवें अङ्क में विशदरूप से प्रकाशित हो चुका है ।

वेद को मनुष्यों ने बनाया है अथवा सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् ईश्वर ने बनाया है, अथवा आकाशकाल आदि की तरह संसार को अनादि मान कर अनादिकाल से चला आ रहा है, नित्य शब्दराशि है, किसी से रचित नहीं है। इस पर कुछ पाश्चात्य विद्वानों का मत है कि वेद को आर्यावर्त्त के रहने वाले बड़े-बड़े विद्वान् प्राचीन महर्षियों ने बनाया है। उस समय उन्हें जिन-जिन देवताओं का स्मरण हुआ उन-उन देवताओं की स्तुति की और जिस-जिस प्रदेश में वे रहते थे वहाँ के पर्वत और नदियों की भी चर्चा उसमें की है। इससे यह सिद्ध होता है कि चार पाँच हजार वर्ष के पूर्व वेद नहीं थे और वेदों की रचना भी महर्षियों द्वारा तदनन्तर ही की गयी है, परन्तु यह विचार ठीक नहीं है। इसका कारण यह है कि पाश्चात्य विद्वानों का ही यह निर्णय है कि अब से दो हजार वर्ष पहले 'पतञ्जलि' हुए और उससे बहुत पहले 'काशकृत्स्नि' महर्षि हुए। पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में 'काशकृत्स्नि' आचार्य का उल्लेख इस प्रकार किया है 'काशकृत्स्निना प्रोक्ता मीमांसा काशकृत्स्नी' (पा० सू० ४।१।१)। और पाणिनि का समय ईसा के जन्म से सात सौ वर्ष पूर्व का था, यह भी उन्हीं का निर्णय है, ऐसी स्थिति में यदि इन महर्षियों के समय वेद की रचना हुई होती, तो उस समय के महर्षियों ने वेद के कर्ता को क्यों नहीं बताया ? हम अल्पबुद्धिजन भी जब पूर्वकालिक इतिहास का अन्वेषण कर सकते हैं, तो क्या कारण है कि महर्षियों को वेद के कर्ता का पता नहीं चला और उन्होंने 'वेद' को अपौरुषेय माना ? जैमिनि महर्षि ने—'उक्तं तु शब्दपूर्वत्वम्' (१ १।२६) इस सूत्र की रचना की। इसका अभिप्राय यह है कि इस समय जो लोग वेद पढ़ते हैं, वे गुरुमुख से पढ़ते हैं और उन्होंने भी गुरुमुख से ही वेद पढ़ा था, इस प्रकार सदा से अध्ययन-परम्परा चली आ रही है।

वार्तिककार ने भी कहा है—

वेदस्याध्ययनं सर्वं गुर्वध्ययनपूर्वकम् ।
वेदाध्ययनसामान्यादधुनाध्ययनं तथा ॥

'वेद का अध्ययन गुरुपरम्परा से है, पुस्तक देखकर नहीं है। इसके पूर्व ऐसा कोई समय नहीं था जिस समय वेद न हों या वेद का अध्ययन न हो।'

वेद का पठन-पाठन एक रूप से होता चला आ रहा है, उसमें भी एक मात्रा इधर-उधर नहीं होने पाती है। यही कारण है कि छोटे-छोटे स्तोत्रों में भी अनेक पाठभेद वर्तमान हैं, परन्तु वेदों में आज तक प्रायः एक भी पाठभेद नहीं देखा जाता है। चारों दिशाओं के वैदिक ब्राह्मणों को एकत्रित करके वेदपाठ कराने पर भी सबका उच्चारण, कण्ठस्वर, हस्त-स्वर आदि सब समानरूप से देखने में आता है। इस प्रकार ईश्वरतुल्य परमपूज्य रचित वेद का कर्ता यदि कोई होता, तो हम उसको कैसे भूल जाते या छोड़ देते! कुछ लोगों का यह भी कहना है कि वस्तुतः वेद पौरुषेय है, परन्तु इन लोगों ने बुद्धिपूर्वक वेद के महत्त्व को बढ़ाने के लिए इसके कर्ता को छिपा दिया है। किन्तु उनका यह आक्षेप भी अनुचित है, क्योंकि महाभारत, रामायण, भागवत आदि को पुरुषकृत जानते हुए भी इनका अत्यन्त आदर करते हैं, तो हम इन महर्षियों के बनाये हुए वेद का आदर क्यों नहीं करते। ऐसा कौन धार्मिक पुरुष होगा जो इस प्रकार उन महर्षियों का और ऐसे ग्रन्थों का अनादर करे। अतः वेद का कर्ता नहीं है, किन्तु वेद अपौरुषेय हैं—यही निश्चय ठीक है।

कर्ता का उच्छेद वेद-अध्येतृ-पुरुषों के सर्वनाश से हो सकता है, यह भी सर्वथा असम्भव है, क्योंकि उसी आनुपूर्वी को और उसी अक्षरराशि को एक मात्रा, बिन्दु, अनुस्वार आदि को भी न छोड़ते हुए परम्परा से पढ़ते चले आ रहे हैं, परन्तु कर्ता को भूल गये, यह अत्यन्त आश्चर्य है। अतः सुप्तप्रबुद्ध न्याय से सर्वज्ञ ईश्वर कल्पान्तरीय वेद को इस कल्प में स्मरण करके उपदेश करते हैं, बनाते नहीं हैं—

'अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा।'
नित्या वेदाः समस्ताश्च शाश्वता विष्णुबुद्धिगाः।
सर्गे सर्गेऽमुनैवैते उद्गीर्यन्ते तथैव च॥

यही अभिप्राय नीचे लिखे मन्त्र में भी है—

ब्रह्मणस्पते त्वमस्य यन्ता सूक्तस्य बोधि तनयञ्च जिन्व।
विश्वं तद्भद्रं यदवन्ति देवा बृहद्वदेम विदथेसु वीराः॥ (शु०य०३४|५८)

'हे अखिलब्रह्माण्डनायक! आप ही इस वेद के यन्ता, नियामक हैं, और अपने पुत्रों को इसका बोध कराते हैं, उपदेश करते हैं। देवता लोग भी अध्ययनादि द्वारा इसकी रक्षा करते हैं।'

रह गया यह कि वेद में राजाओं के तथा नदी, पर्वत आदि के नाम आते हैं वे तो नित्य वैदिक व्यवहार के और प्ररोचना के लिए हैं। वे नाम वेद में हैं, पवित्र हैं, ऐसा निश्चय कर परवर्ती पुरुषों ने अपने पुत्रादि के वे ही नाम रख लिए। सर्वप्रथम प्रजापति ने नामादि रक्खे, तत्पश्चात् और लोगों ने भी उसी मार्ग का अनुसरण किया। इससे यह कदापि सिद्ध नहीं होता कि इन नामवाले पुरुषों के बाद वेदों की रचना हुई।

विष्णुपुराण (५।६२) में लिखा है—

सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक्।
वेदशब्देभ्य एवादौ देवादीनां चकार सः॥

देवता आदिकों के नामकरण वेद के शब्दों को देख कर ही रक्खे गये हैं। अतः वेद अपौरुषेय † हैं, यह सिद्धान्त सर्वथा मान्य और स्तुत्य है।

---

† सर्वतन्त्रस्वतन्त्र सर्वदर्शनव्याख्याकार श्रीमान् वाचस्पतिमिश्रजी ने भी सांख्याचार्य ईश्वरकृष्ण की "दृष्टवदानुश्रविकः" इस द्वितीय सांख्यकारिका की व्याख्या करते हुए 'सांख्यतत्त्वकौमुदी' में इस प्रकार लिखा है कि 'गुरुपाठादनुश्रूयते इत्यनुश्रवो वेदः। एतदुक्तं भवति—श्रूयत एव परं न केनापि क्रियत इति।' अर्थात्—गुरुपाठ से केवल सुना जाता है न कि कोई उसे बनाता है। इससे यह स्पष्ट है कि वेद अनादि तथा अपौरुषेय हैं।

वेद के ऋषि, छन्द देवता और विनियोग के ज्ञान की आवश्यकता

वेद का अध्ययनाध्यापन ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग के परिज्ञानपूर्वक होना चाहिये। जो लोग ऋष्यादि ज्ञान-सहित वेद का अध्ययनाध्यापन अथवा यजन-याजन करते हैं वे वेद के ठीक-ठीक फल-प्राप्ति के भाजन बनते हैं और जो लोग अज्ञानपूर्वक वेदाध्ययनादि करते हैं उनका अध्ययन सर्वथा निष्फल तथा पाप-युक्त होता है।

ऋष्यादि ज्ञान के बिना वेद के अध्ययनाध्यापनादि में श्रुति-स्मृति-कारों ने प्रत्यवाय कहा है—

एतान्यविदित्वा योऽधीतेऽनुब्रूते जपति जुहोति यजते याजयते तस्य ब्रह्म निर्वीर्यं यातयामं भवत्यथान्तराश्वगर्तं वा पद्यते स्थाणुं वर्च्छति प्रमीयते वा पापीयान् भवति।' (शौनककृत अनुक्रमणी १।१)

'जो मनुष्य ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग के ज्ञान के बिना वेद का अध्ययन, अध्यापन, जप, हवन, यजन, याजनादि करते हैं उनका वेद फल-रहित तथा दोष-युक्त होता है और वे लोग मरने के बाद 'अश्वगर्त' नामक नरक में जाते हैं अथवा 'शुष्क-वृक्ष' अर्थात् स्थावर-योनि में प्राप्त होते हैं, अथवा यदि वे मनुष्य-योनि में उत्पन्न होते हैं, तो अल्पायु होकर स्वल्प दिनों में ही मृत्यु के मुख में पड़ जाते हैं अथवा पापात्मा होते हैं।

'यो ह वा अविदितार्षेयच्छन्दोदैवतविनियोगेन ब्राह्मणेन मंत्रेण याजयति वाऽध्यापयति वा स स्थाणुं वर्च्छति गर्त्तं वा पद्यते, प्रमीयते वा पापीयान् भवति, यातयामान्यस्यच्छन्दांसि भवन्ति।'

(छा० ब्रा०, ३।७।५)

अविदित्वा ऋषिं छन्दो दैवतं योगमेव च।
योऽध्यापयेज्जपेद्वापि पापीयाञ्जायते तु सः॥ (बृहद्देवता, ८।१३२)

अविदित्वा ऋषिं छन्दो दैवतं योगमेव च।
योऽध्यापयेद्याजयेद्वा पापीयाञ्जायते तु सः॥ (यमस्मृति)

अन्यत्र भी लिखा है—

मन्त्राणां दैवतं छन्दो निरुक्तं ब्राह्मणान् ऋषीन्।
कृत्तद्धितादींश्चाज्ञात्वा यजन्तो यागकण्टकाः॥
अविदित्वा ऋषिच्छन्दो दैवतं योगमेव च।
योऽध्यापयेज्जपेद्वापि पापीयाञ्जायते तु सः॥
ऋषिच्छन्दोदैवतानि ब्राह्मणार्थं स्वराद्यपि।
अविदित्वा प्रयुञ्जानो मन्त्रकण्टक उच्यते॥

ऋष्यादि ज्ञान के सहित वेद के अध्ययनाध्यापनादि में अतिशय फल की प्राप्ति कही है—

'अथ विज्ञायैतानि योऽधीते तस्य वीर्यवदथ योऽर्थवित्तस्य वीर्यवत्तरं भवति जपित्वा हुत्वेष्ट्वा तत्फलेन युज्यते।' (शौनककृत अनुक्रमणी, १।१)

'जो मनुष्य ऋष्यादि को जानकर वेदाध्ययनादि करते हैं उनका वेद फलप्रद (बलवान्) होता है। और जो ऋष्यादि ज्ञान के साथ वेद का अर्थ भी जानते हैं उनका वेद अत्यन्त फलप्रद होता है और वे लोग जप, हवन, यजन-याजनादि कर्म के द्वारा वेद के यथार्थ फल की प्राप्ति करते हैं।'

आर्षं छन्दश्च दैवत्यं विनियोगस्तथैव च।
वेदितव्यः प्रयत्नेन ब्राह्मणेन विशेषतः॥ (याज्ञवल्क्यस्मृति)

(१) ऋषि—गत्यर्थक 'ऋष्' धातु से 'इगुपधात्कित्' (उणादिसूत्र) इस सूत्र से 'इन् प्रत्यय करने पर 'ऋषि' शब्द बनता है। महर्षि कात्यायन के 'द्रष्टार ऋषयः स्मर्त्तारः' (सर्वानुक्रमसूत्र) इस सूत्र के अनुसार मन्त्रों के द्रष्टा अथवा स्मर्ता 'ऋषि कहलाते हैं। इसी प्रकार औपमन्यवाचार्य ने भी 'निरुक्त' में ऋषि शब्द का निर्वचन किया है—

'होत्रमृषिर्निषीदन्नृषिर्दर्शनात् स्तोमान् ददर्शेत्यौपमन्यवस्तद्यदेनां-

स्तपस्यमानान् ब्रह्म स्वयंभ्वभ्यानर्षत्त ऋषयोऽभवंस्तदृषीणामृषित्वमिति विज्ञायते' (नैगमकाण्ड, २।११)

'मन्त्र-समूह को देखने वाले अर्थात् साक्षात्कार करने वाले 'ऋषि' कहलाते हैं। हिरण्यगर्भादि ने सृष्टि के प्रारम्भ में प्रादुर्भूत होकर पूर्व-कल्प में अनुभूत वेद-पदार्थों के कठिन तपस्या से संस्कार, सम्मान तथा स्मरण के द्वारा 'सुप्तप्रबुद्ध' न्याय से पूर्ववत् प्राप्त किया था। अतः वे वेद-मन्त्रों के ऋषि कहे जाते हैं।'

महर्षि याज्ञवल्क्य ने 'ऋषि' शब्द का अर्थ 'मन्त्रद्रष्टा' ही स्वीकार किया है—

> येन य ऋषिणा दृष्टो मन्त्रः सिद्धिश्च तेन वै।
> मन्त्रेण तस्य सम्प्रोक्त ऋषिभावस्तदात्मकः॥

'जो मन्त्र जिस ऋषि से देखा गया, उस ऋषि के स्मरणपूर्वक यज्ञादि में मन्त्र के प्रयोग करने से फल की प्राप्ति होती है।'

(२)—छन्द—आह्लादार्थक चौरादिक 'चदि' धातु से 'चन्देरादेश्च छः' (उणादिसूत्र) इस सूत्र से 'असुन्' प्रत्यय करने पर तथा चकार को छकार का आदेश करने से 'छन्द' शब्द बनता है। अथवा छाद-नार्थक चौरादिक 'छद्' धातु से 'चन्देरादेश्च छः' (उणादिसूत्र) इस सूत्र से 'असुन्' प्रत्यय करके 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्' (पा० सू० ६।३।१०९) इस सूत्र से 'नुम्' का आगम करने से 'छन्द' शब्द की निष्पत्ति होती है।

'छन्दयति आह्लादयति चन्द्यतेऽनेन वा छन्दः' अर्थात् जो मनुष्यों को प्रसन्न करे उसे 'छन्द' कहते हैं। अथवा 'छादयति मन्त्रप्रतिपाद्ययज्ञा-दीनिति छन्दः' अर्थात् जो यज्ञादि की असुरादि उपद्रवों से रक्षा करे उसे 'छन्दः' कहते हैं। इसी प्रकार महर्षि 'यास्क' ने भी निरुक्त में 'छन्द' शब्द का निर्वचन किया है—'छन्दांसि छादनात्' (दैवतकाण्ड, १।१२) जिससे यज्ञादि छादित अर्थात् सुरक्षित हों उसे 'छन्द' कहते हैं।

(३) देवता—क्रीडार्थक 'दिव' धातु से 'हलश्च' (पा० ३।३।१२१)

इस सूत्र से 'घञ्' प्रत्यय करने से 'देव' शब्द बनता है, पश्चात् 'बहुलं छन्दसि' (पा० वैदिक प्रकरण) इस सूत्र से स्वार्थ में 'तल्' प्रत्यय करके 'अजाद्यतष्टाप्' (पा० ४।१।४) इस सूत्र से 'टाप्' करने पर 'देवता' शब्द बनता है। निरुक्तकार के मत से देव और देवता का एक ही अर्थ होता है। जो स्वच्छन्द रूप से तीनों लोकों में विचरण करें या प्रकाशमान हों अथवा जो प्राणिमात्र को वृष्ट्यादि द्वारा अन्न-जलादि भक्ष्य-पदार्थों को प्रदान करें उन्हें 'देवता' कहते हैं। वेदों में इस प्रकार के तीन देवता ही माने गए हैं। इन तीनों देवताओं का 'निरुक्त' में इस प्रकार उल्लेख मिलता है—

'तिस्र एव देवता इति नैरुक्ताः। अग्निः पृथिवीस्थानो, वायुर्वेन्द्रो वाऽन्तरिक्षस्थानः, सूर्यो द्युस्थानः। तस्या महाभाग्यादेकैकस्या अपि बहूनि नामधेयानि भवन्ति।' (दैवतकाण्ड, ७।५)

१ पृथिवीस्थान अग्नि, २ अन्तरिक्षस्थान वायु अथवा इन्द्र और ३ द्युस्थान सूर्य, इन तीन देवताओं को ही वेद में निरुक्तकार ने स्वीकार किया है।

(४) विनियोग—जिस कार्य के लिए मन्त्रों का प्रयोग किया जाता है उसे 'विनियोग' कहते हैं। इसका लक्षण महर्षि याज्ञवल्क्य ने इस प्रकार किया है—

पुराकल्पे समुत्पन्ना मन्त्राः कर्मार्थमेव च।
अनेनेदन्तु कर्तव्यं विनियोगः स उच्यते॥

वैदिक-पद्धति में विनियोग ही सबसे अधिक प्रयोजक है, इसके बिना वैदिक-कर्मकाण्ड-पद्धति का निर्वाह ही नहीं हो सकता। मन्त्रों में मुख्य विनियोग ही है, जो कि मन्त्रद्रष्टा ऋषियों के द्वारा यथासमय विनियुक्त हुआ था।

अतः प्रत्येक द्विज को ऋष्यादि के परिज्ञान की आवश्यकता समझ कर प्रयत्नपूर्वक मन्त्र के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग का परिज्ञान तत्तत् वेद के ब्राह्मण तथा कल्पसूत्र से करना चाहिए।

अन्तिम निवेदन

(१) हमने इस भूमिका में वेद का जो संक्षिप्त परिचय दिया है, वह अपनी सम्पादित 'मन्त्रसंहिता' पुस्तक की १०० पृष्ठ वाली विशद भूमिका का केवल एक अंश है। जो लोग राष्ट्र भाषा हिंदी में वेद का विस्तृतरूप में परिचय प्राप्त करने के इच्छुक हों उन्हें उक्त पुस्तक प्रकाशक (व्यास पुस्तकालय, मानमन्दिर, काशी) महोदय के यहाँ से मँगानी चाहिए और जो लोग सरल संस्कृत भाषा में वेद का परिचय जानना चाहें, उन्हें हमारी लिखित '*वेद-विज्ञान-मीमांसा*' पुस्तक प्रकाशक (भार्गव पुस्तकालय, गायघाट, काशी) महोदय के यहाँ से मँगवाकर पढ़नी चाहिए। उक्त दोनों ही पुस्तकें सर्वसाधारण के लिए विशेषतः वेद के परिशीलनकर्ताओं के लिए नोट-बुक की भाँति बहुत आवश्यक और उपादेय हैं।

(२) समय की न्यूनता तथा 'वैदिक-सूक्त-संग्रह' के प्रकाशन की शीघ्रता के कारण इस संस्करण में सूक्तों के ऋषि, छन्द, देवता और विनियोग का विशेष परिचय नहीं दिया जा सका। भगवत्कृपा हुई तो, द्वितीय संस्करण में समस्त विषयों का विस्तृत वर्णन किया जायगा।

(३) वैदिक-सूक्त-संग्रह के वरुणसूक्त, उषःसूक्त और विष्णुसूक्त-द्वय का संशोधन मैंने नहीं किया है। अतः इनमें जो त्रुटियाँ हों, उन्हें मेरी न समझें। भूल से जो त्रुटियाँ रह गयी हैं, वे द्वितीय संस्करण में दूर की जाँयगी।

(४) वैदिक-सूक्त-संग्रह के प्रकाशक श्रीयुत बाबू बैजनाथ प्रसाद-जी (अध्यक्ष—मास्टर खेलाड़ीलाल एण्ड सन्स, संस्कृत बुकडिपो कचौड़ी गली, काशी) महोदय हमारे विशेष हितैषी हैं। इन्हीं के विशेष प्रेमाग्रह के कारण मैंने उक्त पुस्तक का सम्पादनादि कार्य किया है। काशिक राजकीय सर्वविध शास्त्री परीक्षा के प्रथम खण्ड के परीक्षार्थियों के लाभार्थ पुस्तक प्रकाशन के लिए प्रकाशक महोदय को

विशेष धन्यवाद देते हुए हम वैदिक-सूक्त-संग्रहान्तर्गत सूक्तों के द्रष्टा ऋषियों और वरुणादि देवताओं से हार्दिक प्रार्थना करते हैं कि वे अपने-अपने विशिष्ट आशीर्वाद प्रदान द्वारा प्रकाशक महोदय को धन धान्य एवं सन्तति आदि विविध विभूतियों से विभूषित कर उनके लिए सर्वदा सर्व प्रकार की शान्ति का साम्राज्य उपस्थित करें।

(४) मैं न तो लेखक हूँ, न उपदेशक हूँ और न किसी 'महान्' पद से विभूषित। मैं भारत प्रसिद्ध वेद-वेदाङ्ग के अद्वितीय विद्वान्, समस्त द्विज वेदज्ञों के तथा समस्त वेदाचार्य-परीक्षोत्तीर्ण वैदिक वर्ग के गुरु *स्वर्गीय महामहोपाध्याय पं० श्री विद्याधरजी शास्त्री गौड* का पुत्र होने के कारण वेदों के स्वाध्यायका व्यसनी अवश्य हूँ। यही कारण है कि यदा कदा वैदिक-साहित्य के सम्बन्ध में कुछ लिख दिया करता हूँ।

इसी दृष्टि से 'वैदिक-सूक्त-संग्रह' की भूमिका में भी वेद के सम्बन्ध में कुछ लिखा गया है। आशा है, इससे सर्वसाधारण का विशेषतः परीक्षार्थी वर्ग का अधिकाधिक लाभ होगा।

अध्यापक
गोयनका संस्कृत कालेज काशी।
पितृपक्षीय त्रयोदशी।
१० अक्टूबर, १९५०

वेद वेदाङ्गोपासक—
वेणीराम शर्मा गौड़
(वेदाचार्य)

* श्रीगणेशाय नमः *

अथ ऋग्वेदप्रथममण्डले

वरुणसूक्तम् * ।

[सायणभाष्य–मन्त्रप्रकाशिकाख्यटीकाद्वयोपेतम्]

—०—

(अपनी कर्त्तव्यत्रुटिकी पूर्तिके लिए शुनःशेपकी वरुणसे प्रार्थना—)

यच्चिद्धि ते विशो यथा प्र देव वरुण व्रतम् ।
मिनीमसि द्यविद्यवि ॥ १ ॥

[पदानि] यत् । चित् । हि । ते । विशः । यथा । देव । वरुण । व्रतम् । मिनीमसि । द्यविऽद्यवि ॥ १ ॥

'यच्चित्' इति एकविंशत्यृचं द्वितीयं सूक्तम् । तथा चानुक्रान्तम्—'यच्चित्सैका' इति । 'ऋषिश्चान्यस्मात्' इति परिभाषया शुनःशेप एव ऋषिः । "आदौ गायत्रम्" इति परिभाषितत्वात् गायत्री च्छन्दः । 'वारुणं तु' इति पूर्वोक्तत्वात् तुह्यादिपरिभाषया (अनु० १२।३) वरुणो देवता। विनियोग उक्तः शौनःशेपाख्याने । विशेषविनियोगस्तु—'अभिप्लवपृष्ठ्याहानि' इति खण्डे तथैव सूत्रितं—'यच्चिद्धि ते विश इति वारुणमेतस्य तृचमावपेत मैत्रावरुणः' (आश्व० श्रौ० ७।५) इति ॥

सा० भा०—हे वरुण देव ! *यथा* लोके *विशः* प्रजाः कदाचित् प्रमादं कुर्वन्ति तथा वयमपि *ते* तव सम्बन्धि *यच्चिद्धि* यदेव किञ्चित् *व्रतं* कर्म

---

* यच्चिदित्येकविंशत्यृचस्य सूक्तस्य शुनःशेपऋषिर्गायत्रीच्छन्दो वरुणो देवता शौनःशेपाख्याने विनियोगः ।

द्यविद्यवि प्रतिदिनं *प्र मिनीमसि* प्रमादेन हिंसितवन्तः। तदपि व्रतं प्रमाद-परिहारेण साङ्गं कुरु इति शेषः ॥

यथा। लित्स्वरेण आद्युदात्तत्वे प्राप्ते 'यथेति पादान्ते' (फि० सू० ८५) इति सर्वानुदात्तत्वम्। मिनीमसि। 'मीञ् हिंसायाम्'। 'इदन्तो मसि'। 'क्र्यादिभ्यः श्ना'। 'मीनातेर्निगमे' (पा० सू० ७।३।८१) इति ह्रस्वत्वम्। 'ई हल्यघोः' (पा० सू० ६।४।११३) इति ईकारः। 'सतिशिष्टस्वरबली-यस्त्वमन्यत्र विकरणेभ्यः' इति वचनात् तिङ एव स्वरः शिष्यते। यद्वृत्त-योगात् निघाताभावः ॥ १ ॥

मन्त्रार्थ—हे वरुण देव ! जिस प्रकार इस संसार में प्रजागण आलस्य के वश में होकर अपने धर्म को नहीं करते हैं, उसी प्रकार हम भी प्रतिदिन जाड्यजन्य प्रमाद के वश में होकर जो कुछ आराधन-रूप कर्म नहीं कर सके आप उस प्रमादरूप कर्म को परिहारपूर्वक साङ्ग अर्थात् पूर्ण कीजिए ॥ १ ॥

(शुनःशेप की अपने बचाव के लिए प्रार्थना—)

मा नो वधाय हत्नवे जिहीडानस्य रीरधः।
मा हृणानस्य मन्यवे ॥ २ ॥

[पदानि] मा। नः। वधाय। हत्नवे। जिहीडानस्य। रीरधः। मा। हृणानस्य। मन्यवे ॥ २ ॥

सा० भा०—हे वरुण ! *जिहीडानस्य* अनादरं कृतवतः *हत्नवे* हन्तुः पापि-हननशीलस्य तव सम्बन्धिने त्वत्कर्तृकाय *वधाय नः* अस्मान् *मा रीरधः* संसिद्धान् विषयभूतान् *मा* कुरु। *हृणानस्य* हृणीयमानस्य क्रुद्धस्य तव *मन्यवे* क्रोधाय मा अस्मान् रीरधः। वधाय। 'हनश्च वधः' (पा० सू० ३।३।७६) इति अबन्तो वधशब्दः। उञ्छादिषु पाठाद-न्तोदात्तः। हत्नवे। 'हन् हिंसागत्योः'। 'कृहनिभ्यां क्त्नुः' (उ० सू० ३१०) इति क्त्नुप्रत्ययः, धातोर्नकारस्य तकारः। जिहीडानस्य। 'हेडृ अनादरे' अस्मात् लिटः कानच्। द्विर्भावहलादिशेषह्रस्वचुत्वज-स्त्वानि। एकारस्य ईकारादेशश्छान्दसः। 'चितः' इत्यन्तोदात्तत्वम्। रीरधः

'राध साध संसिद्धौ'। चङि एलोपे उपधाह्रस्वत्वम्। द्विर्वचनहलादिशेष-ह्रस्वत्वसन्वद्भावेत्वाभ्यासदीर्घाः। 'न माङ्योगे' इति अडभावः। हृणा-नस्य। 'हृणीङ् लज्जायाम्'। अस्मात् शानचि पृषोदरादित्वात् अभिमत-रूपसिद्धिः॥ २॥

मन्त्रार्थ—हे वरुण! आप पापियों का अनादर एवं वध करनेवाले हैं। किन्तु आप हमें वध के योग्य न बनाइये अर्थात् हमारा बध न कीजिए। इसी प्रकार क्रोधयुक्त आप हमें अपना क्रोध-भाजन न बनाइये अर्थात् हम पर क्रोध न कीजिए॥ २॥

(*अपने सुखके लिए स्तुति करना—*)

वि मृडीकाय ते मनो रथीरश्वं न संदितम्।
गीर्भिर्वरुण सीमहि॥ ३॥

[*पदानि*] वि। मृडीकाय। ते। मनः। रथीः। अश्वम्। न। सम्ऽदितम्। गीःऽभिः। वरुण। सीमहि॥ ३॥

सा० भा०—हे *वरुण! मृडीकाय* अस्मत्सुखाय *ते* तव *मनः गीर्भिः* स्तुतिभिः *वि सीमहि* विशेषेण बध्नीमः प्रसादयामः इत्यर्थः। तत्र दृष्टान्तः। *रथीः* रथ-स्वामी *संदितं* सम्यक् खण्डितम् दूरगमनेन श्रान्तम् *अश्वं न* अश्वमिव। यथा स्वामी श्रान्तमश्वं घासप्रदानादिना प्रसादयति तद्वत्। रथीः। मत्व-र्थीय ईकारः। संदितम्। 'दो अवखण्डने'। 'निष्ठा' इति क्तः। 'द्यतिस्यति मास्थाम्' (पा० सू० ७।४।४०) इति इकारान्तादेशः। 'गतिरनन्तरः' इति गतेः प्रकृतिस्वरत्वम्। गीर्भिः। 'सावेकाचः' इति भिस उदात्तत्वम्। सीमहि। 'षिवु तन्तुसंताने'। व्यत्ययेनात्मनेपदम्। 'बहुलं छन्दसि' इति विकरणस्य लुक्। 'वलि लोपः' (पा० सू० ६।१।६६)। यद्वा 'षिञ् बन्धने' इत्यस्माद् विकरणस्य लुक्। दीर्घश्छान्दसः॥ ३॥

मन्त्रार्थ—हे वरुण! जिस प्रकार रथ का स्वामी दूर जाने के कारण थके घोड़ों को घास, जल आदि देकर प्रसन्न करता है उसी प्रकार हम अपने सुख के लिए आपके मन को स्तुतियों के द्वारा प्रसन्न करते हैं॥ ३॥

(अनन्यशरणताका ज्ञापन—)

परा हि मे विमन्यवः पतन्ति वस्यइष्टये ।
वयो न वसतीरुप ॥ ४ ॥

[पदानि] परा । हि । मे । विऽमन्यवः । पतन्ति । वस्यःऽइष्टये । वयः । न । वसतीः । उप ॥ ४ ॥

सा० भा०—हे वरुण ! मे मम शुनःशेपस्य *विमन्यवः* क्रोधरहिता बुद्धयः वस्यइष्टये वसीयसः अतिशयेन वसुमतो जीवनस्य प्राप्तये *परापतन्ति* पराङ्मुखाः पुनरावृत्तिरहिताः प्रसरन्ति । *हि*शब्दः अस्मिन्नर्थे सर्वजनप्रसिद्धिमाह । परापतने दृष्टान्तः । *वयो न* । पक्षिणो यथा *वसतीः* निवासस्थानानि *उप* सामीप्येन प्राप्नुवन्ति तद्वत् ॥ पतन्ति । पादादित्वान्निघाताभावः । वस्यइष्टये वसुमच्छब्दात् 'विन्मतोर्लुक्' इति मतुपो लुकि टिलोपे ईयसुनो यकारलोपश्छान्दसः । वसतीः । 'शतुरनुमः' इति ङीप उदात्तत्वम् ॥ ४ ॥

मन्त्रार्थ—हे वरुण ! मेरी (शुनःशेप की) क्रोधरहित शान्त बुद्धि मूल्यवान् जीवन को प्राप्त करने के लिए अनावृत्ति भाव से आप में उस प्रकार लगी रहती है जिस प्रकार पक्षी दिन भर भटक कर सायंकाल अपने निवासस्थान (घोसले) को प्राप्त करते हैं ॥ ४ ॥

(वरुणके साक्षात्कारके लिए उत्कट उत्कण्ठाका प्रदर्शन—)

कदा क्षत्रश्रियं नरमा वरुणं करामहे ।
मृडीकायोरुचक्षसम् ॥ ५ ॥

[पदानि] कदा । क्षत्रऽश्रियम् । नरम् । आ । वरुणम् । करामहे । मृडीकाय । उरुऽचक्षसम् ॥ ५ ॥

सा० भा०—*मृडीकाय* अस्मत्सुखाय *वरुणं कदा* कस्मिन् काले *आ करामहे* अस्मिन् कर्मणि आगतं करवाम । कीदृशम् । *क्षत्रश्रियं* बलसेविनं *नरं* नेतारम् *उरुचक्षसं* बहूनां द्रष्टारम् । क्षत्रश्रियम् । क्षत्राणि श्रयतीति क्षत्रश्रीः । 'क्विब्वचि' (पा० ३।२।१७८।२) इत्यादिना क्विप्

दीर्घश्च। कृदुत्तरपदप्रकृतिस्वरत्वम्। नरम् 'ऋदोरप्' इति अबन्तः आद्युदात्तः। करामहे। करोतेः व्यत्ययेन शप्। उरुचक्षसम्। 'चक्षेर्बहुलं शिच्च' (उ० सू० ४।६७२) इत्यसुन्। शिद्भावात् ख्याञादेशाभावः ॥५॥

मन्त्रार्थ—अपने सच्चे सुख को प्राप्त करने के लिए हम कब अति बलवान् समस्त प्राणियों के नेता एवं सर्वद्रष्टा वरुण का आराधन कर्म में साक्षात्कार कर सकेंगे? ॥ ५ ॥

(वरुणकी महिमाका वर्णन—)

तदित्समानमाशाते वेनन्ता न प्र युच्छतः।

धृतव्रताय दाशुषे ॥ ६ ॥

[पदानि] तत्। इत्। समानम्। आशाते। इति। वेनन्ता। न प्र युच्छतः। धृतऽव्रताय। दाशुषे ॥ ६ ॥

सा० भा०—*धृतव्रताय* अनुष्ठितकर्मणे *दाशुषे* हविर्दत्तवते यजमानाय *वेनन्तौ* कामयमानौ मित्रावरुणाविति शेषः। तावुभौ *समानं* साधारणं *तदित्* अस्माभिर्दत्तं तदेव हविः *आशाते* अश्नुवाते। *न प्र युच्छतः* कदाचिदपि प्रमादं न कुरुतः। आशाते। अश्नोतेर्लिटि द्विर्भावहलादिशेषौ। 'अत आदेः' (पा० सू० ७।४।७०) इति आत्वम्। 'अनित्यमागमशासनम्' इति वचनात् 'अश्नोतेश्च' (पा० सू० ७।४।७२) इति नुडभावः। वेनन्ता। वेनतिः कान्तिकर्मा। 'सुपां सुलुक्' इति आकारः। प्रयुच्छतः। 'युच्छ प्रमादे'। दाशुषे। 'दाशृ दाने' इत्यस्मात् 'दाश्वान् साह्वान्' इति क्वसुप्रत्ययो निपातितः। 'वसोः सम्प्रसारणम्' इति सम्प्रसारणम्।' शासिवसिघसीनां च' इति षत्वम् ॥ ६ ॥

मन्त्रार्थ—जिसने वरुणाराधन कर्म को सम्पादन किया है तथा हवि प्रदान किया है, ऐसे यजमान को चाहनेवाले मित्रावरुण देव हम ऋत्विजों से दिये हुए साधारण हवि को भक्षण करते हैं ॥६॥

(पाश मोचनकी माँग—७-११)

वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्।

वेद नावः समुद्रियः ॥ ७ ॥

[पदानि] वेद । यः । वीनाम् । पदम् । अन्तरिक्षेण । पतताम् । वेद । नावः । समुद्रियः ॥ ७ ॥

सा० भा०—अन्तरिक्षेण पतताम् आकाशमार्गेण गच्छतां *वीनां* पक्षिणां *पदं यः* वरुणः *वेद* । तथा *समुद्रियः* समुद्रेऽवस्थितः वरुणः *नावः* जले गच्छन्त्याः पदं वेद जानाति सोऽस्मान् बन्धनान्मोचयत्विति शेषः वेद । 'विद ज्ञाने'। 'विदो लटो वा' (पा० सू० ३।४।८३) इति तिपो णल् । लित्स्वरेणाद्युदात्तत्वम् । 'द्व्यचोऽतस्तिङः' इति संहितायाम् दीर्घः । वीनाम् । 'नामन्यतरस्याम्' इति नाम उदात्तत्वम् । पतताम् । शपः पित्वादनुदात्तत्वम् । शतुश्च लसार्वधातुकस्वरेण धातुस्वरः । नावः । सावेकाचः । इति षष्ठ्या उदात्तत्वम् । समुद्रियः । 'भवार्थे समुद्राभ्राद्घः' (पा० सू० ४।४।११८) इति घप्रत्ययः ॥ ७ ॥

मन्त्रार्थ—सर्वव्यापी एवं सर्वज्ञ होने के कारण जो वरुण आकाश मार्ग से जाते हुए पक्षियों के आधारस्थान को तथा जल में चलने वाली नौकाओं के आधारस्थान को जानते हैं, वह वरुण हमें मृत्युरूपी पाप-बन्धन से मुक्त करें ॥ ७ ॥

वेद मासो धृतव्रतो द्वादश प्रजावतः ।
वेदा य उपजायते ॥ ८ ॥

[पदानि] वेद । मासः । धृतऽव्रतः । द्वादश । प्रजाऽवतः । वेद । यः । उपऽजायते ॥ ८ ॥

सा० भा०—धृतव्रतः स्वीकृतकर्मविशेषो यथोक्तमहिमोपेतो वरुणः *प्रजावतः* तदा तदोत्पद्यमानप्रजायुक्तान् *द्वादश मासः* चैत्रादीन् फाल्गुनान्तान् *वेद* जानाति । *यः* त्रयोदशोऽधिकमासः *उपजायते* संवत्सरसमीपे स्वयमेवोत्पद्यते तमपि वेद । वाक्यशेषः पूर्ववत् । मासः । 'पद्दन्०' (पा० सू० ६।१।६३) इत्यादिना मासशब्दस्य मास् इति आदेशः । 'ऊडिदम्' इत्यादिना शस उदात्तत्वम् । द्वादश । द्वौ च दश च इति द्वन्द्वः 'द्व्यष्टनः संख्यायाम्' (पा० सू० ६।३।४७) इति आत्वम् । 'संख्या' (पा० सू०

६।२।३५) इति सूत्रेण पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वम् । प्रजावतः । जनी प्रादुर्भावे । प्रपूर्वात् जनसनखनक्रमगमो विटप्रत्ययः (पा० सू० ३।२।६७) । 'विड्वनोः' (पा० सू० ६।४।४१) इति आत्वम् । कृदुत्तरपदप्रकृतिस्वरत्वम् । प्रजा एषां सन्तीति 'तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप्' (पा० सू० ५।२।९४ ।) 'मादुपधायाः' (पा० सू० ८।२।९) इति मतुपो वत्वम् । उपजायते । जनेः कर्मकर्तरि लट् । 'कर्मवद्भावाद् आत्मनेपदं यक्' (पा०सू० ३।१।८७) 'जनादीनामुपदेश एवात्वं वक्तव्यम्' (पा० सू० ६।१।१६५।३) इति वचनात् । 'अचः कर्तृयकि' (पा० सू० ६।१।१६५) इत्याद्युदात्तत्वम् । 'तिङ्चोदात्तवति' (पा० सू० ८।१।७१) इति उपसर्गस्य निघातः, न च 'तिङ्ङतिङः' इति निघातः । 'यद्वृत्तान्नित्यम्' इति प्रतिषेधात् ॥ ८ ॥

मन्त्रार्थ—जिनने जगत् की उत्पत्ति, रक्षा एवं विनाश आदि कार्यों को स्वीकार किया है वे सर्वज्ञ वरुण क्षण-क्षण में उत्पद्यमान प्राणियों के सहित चैत्रादि से फाल्गुन पर्यन्त बारह मासोंको एवं संवत्सर के समीप उत्पन्न होनेवाला तेरहवाँ जो अधिकमास है, उसको भी जानते हैं । वह वरुण हमें मृत्युरूपी पाशबन्धन से मुक्त करें ॥ ८ ॥

वेद वातस्य वर्तनिमुरोर्ऋष्वस्य बृहतः ।
वेदा ये अध्यासते ॥ ९ ॥

[पदानि]—वेद । वातस्य । वर्तनिम् । उरोः । ऋष्वस्य । बृहतः । वेद । ये । अधिऽआसते ॥ ९ ॥

सा० भा—*उरोः* विस्तीर्णस्य *ऋष्वस्य* दर्शनीयस्य *बृहतः* गुणैरधिकस्य *वातस्य* वायोः *वर्तनिं* मार्गं *वेद* वरुणो जानाति । *ये* देवाः *अध्यासते* उपरि तिष्ठन्ति तानपि *वेद* जानाति । वातस्य । 'असिहसि' इत्यादिना तन्प्रत्यान्तो वातशब्दो नित्त्वादाद्युदात्तः । वर्तनिम् । वर्ततेऽनेनेति । 'वर्तनिः स्तोत्रे' (पा० सू० ६।१।१६० ग) इति स्तोत्रवाचकस्य वर्तनिशब्दस्य अन्तोदात्तत्वसिद्ध्यर्थम् उञ्छादिषु पाठात् अस्य प्रत्ययस्वरेण मध्योदा-

त्तत्वे प्राप्ते व्यत्ययेनान्तोदात्तत्वम्। बृहतः। 'बृहन्महतोरुपसंख्यानम्' इति ङस उदात्तत्वम्। अध्यासते। लसार्वधातुकानुदात्तत्वे सति धातुस्वरः ॥ ९ ॥

मन्त्रार्थ—जो वरुणदेव विशाल, शोभन और महान् वायु का भी मार्ग जानते हैं और ऊपर निवास करनेवाले देवताओं को भी जानते हैं वह वरुणदेव हमें मृत्युरूपी पाशबन्धन से मुक्त करें ॥ ९ ॥

नि षसाद धृतव्रतो वरुणः पस्त्या स्वा ।
साम्राज्याय सुक्रतुः ॥ १० ॥

[पदानि]—नि। ससाद। धृतऽव्रतः। वरुणः। पस्त्यासु। आ। साम्ऽराज्याय। सुऽक्रतुः ॥ १० ॥

सा० भा०—धृतव्रतः पूर्वोक्तः *वरुणः पस्त्यासु* दैवीषु प्रजासु *आ नि षसाद* आगत्य निषण्णवान्। किमर्थम्। प्रजानां साम्राज्यसिद्ध्यर्थं सुक्रतुः शोभनकर्मा। नि षसाद।' सदिरप्रतेः, (पा० सू० ८।३।६६) इति षत्वम्। *साम्राज्याय*। सम्राजो भावः साम्राज्यम्। 'गुणवचनब्राह्मणादिभ्यः' (पा० सू० ५।१।१२४) इति ष्यञ्। 'ञ्नित्यादिर्नित्यम्' इति इत्याद्युदात्तत्वम्। सुक्रतुः। क्रत्वादयश्च' इत्युत्तरपदाद्युदात्तत्वम् ॥ १० ॥

मन्त्रार्थ—जिनने प्रजापालनादि कार्यों का नियम स्वीकार किया है तथा जो प्रजाहितकर्ता वरुण हैं, जो सूर्य, चन्द्र आदि दैवी प्रजाओं में साम्राज्य सिद्धि के लिए उनके पास बैठे हुए हैं, वह वरुण हमें मृत्युरूपी पाशबन्धन से मुक्त करें ॥ १० ॥

अतो विश्वान्यद्भुता चिकित्वाँ अभि पश्यति ।
कृतानि या च कर्त्वा ॥ ११ ॥

[पदानि]—अतः। विश्वानि। अद्भुता। चिकित्वान्। अभि। पश्यति। कृतानि। या। च। कर्त्वा ॥ ११ ॥

सा० भा०—अतः अस्मात् वरुणात् *विश्वानि अद्भुता* सर्वाण्याश्चर्याणि

चिकित्वान् प्रज्ञावान् *अभिपश्यति* सर्वतोऽवलोकयति *या कृतानि* यान्याश्चर्याणि पूर्वं वरुणेन सम्पादितानि । चकारात् अन्यानि यान्याश्चर्याणि *कर्त्वा* इतः परं कर्तव्यानि तानि सर्वाण्यभिपश्यतीति पूर्वत्रान्वयः । अद्भुता । 'शेश्छन्दसि बहुलम्' (पा० सू० ६।१।७०) इति शेर्लोपः । प्रत्ययलक्षणेन 'नपुंसकस्य झलचः' (पा० सू० ७।१।७२) इति नुम् । नलोपः । चिकित्वान् । 'कित ज्ञाने' । लिटः क्वसुः । अभ्यासहलादिशेषचुत्वानि 'वस्वेकाजाद्घसाम्' इति नियमात् इडभावः । रुत्वानुनासिकावुक्तौ संहितायाम् । पश्यति । 'पाघ्रा०' इत्यादिना दृशेः पश्यादेशः । कर्त्वा । 'कृत्यार्थे तवैकेन्केन्यत्वनः' (पा० सू० ३।४।१४) इति करोतेः त्वन् । नित्वादाद्युदात्तत्वम् । पूर्ववत् शेर्लोपः ॥ ११ ॥

मन्त्रार्थ—जिन जगदुत्पत्त्यादि आश्चर्यों को प्रथम वरुण ने किया है तथा अन्य जो आश्चर्य कार्य उनके द्वारा किये जायँगे, उन सभी अद्भुत कार्यों को ज्ञानवान् पुरुष जानते हैं । वही अद्भुत कार्यकर्ता वरुण हमें मृत्युरूपी पाशबन्धन से मुक्त करें ॥ ११ ॥

(सत्पथपर अग्रसर करनेकी एवं आयुकी माँग—)

सनो विश्वाहा सुक्रतुरादित्यः सुपथा करत् ।

प्र ण आयूंषि तारिषत् ॥ १२ ॥

[पदानि]—सः । नः । विश्वाहा । सुऽक्रतुः । आदित्यः । सुऽपथा । करत् । प्र । नः । आयूंषि । तारिषत् ॥ १२ ॥

सा० भा०—सुक्रतुः शोभनप्रज्ञः सः आदित्यः वरुण *विश्वाहा* सर्वेष्वहस्सु नः अस्मान् *सुपथा* शोभनमार्गेण सहितान् करत् करोतु । किंच नः अस्माकम् *आयूंषि प्र तारिषत्* प्रवर्धयतु । सुपथा । 'स्वती पूजायाम्' (पा० म० २।२।१८।४) इति समासे 'न पूजनात्' (पा० सू० ५।४।६९) इति समासान्तप्रतिषेधः । अव्ययपूर्वपद प्रकृतिस्वरे प्राप्ते 'परादिश्छन्दसि बहुलम्' इत्युत्तरपदाद्युदात्तत्वम् । 'क्त्वादयश्च' (पा० सू० ६।२।११८) इत्येतन्न भवति अबहुव्रीहित्वात् । बहुव्रीहौ हि तद्विधीयते । आद्युदात्तं 'द्व्यच्छन्दसि' (पा० सू० ६।२।११९)

इत्येतदपि न भवति, पथिन्, शब्दस्य अन्तोदात्तत्वात्। करत्। करोतेर्लेटि व्यत्ययेन शप्। शपो लुकि। 'लेटोडाटौ' इति अडागमः। 'इतश्च लोपः' इति इकारलोपः। यद्वा। छान्दसे लुङि 'कृमृदृरुहिभ्यः' (पा० सू० ३।१।५९) इति च्लेः अङ्। 'ऋदृशोऽङि गुणः' (पा० सू० ७।४।१६) इति गुणः। बहुलं छंदस्यमाङ्योगेऽपि' इति अडभावः। प्र णः। 'उपसर्गाद्बहुलम्' (पा० सू० ८।४।२८) इति नसो णत्वम्। तारिषत्। तारयतेः लेटि अडागमः। 'सिब्बहुलम् लेटि' इति सिप्। 'आदेशप्रत्यययोः' इति षत्वम्॥ १२॥

मन्त्रार्थ—प्रजापालनादि शोभन कार्यों को करनेवाले आदित्यरूपी वरुण सर्वदा हमें सन्मार्ग में चलावें तथा हमारी आयु को बढ़ावें॥ १२॥

(*वरुणकी आदित्यरूपमें स्तुति—*)

बिभ्रद्द्रापिं हिरण्ययं वरुणो वस्त निर्णिजम्।
परि स्पशो नि षेदिरे॥ १३॥

[पदानि]—बिभ्रत्। द्रापिम्। हिरण्ययम्। वरुणः। वस्त। निःऽनिजम्। परि। स्पशः। नि। सेदिरे॥ १३॥

सा० भा०—हिरण्ययं सुवर्णमयं *द्रापिं* कवचं *बिभ्रत्* धारयन् *वरुणः* *निर्णिजम्* पुष्टं स्वशरीरम् *वस्त* आच्छादयति। *स्पशः* हिरण्यस्पर्शिनो रश्मयः *परि नि षेदिरे* सर्वतो निषण्णाः। बिभ्रत् बिभर्तेः शतरि 'नाभ्यस्ताच्छतुः (पा० सू० ७।१।७८) इति नुमभावः। 'अभ्यस्तानामादिः' इत्याद्युदात्तत्वम्। द्रापिम्। 'द्रा कुत्सायां गतौ'। द्रापयति इषून्, कुत्सितां गतिं प्रापयति इति द्रापिः कवचम्। 'अर्तिह्री०' (पा० सू० ७।३।३६) इत्यादिना पुगागमः। औणादिके इप्रत्यये णिलोपः। हिरण्ययम्। 'ऋत्व्यवास्तव्यवास्त्वमाध्वीहिरण्ययानि छन्दसि' (पा० सू० ६।४।१७५) इति हिरण्यशब्दात् विकारार्थे विहितस्य मयटो मशब्दलोपो निपातितः। वस्त। 'वस आच्छादने' लङि अदादित्वात् शपो लुक्। पूर्ववत्

अडभावः। निर्णिजम्। 'णिजिर शौचपोषणयोः'। स्पशः। 'स्पश बाधनस्पर्शनयोः।' 'क्विप् च' इति क्विप्। नि षेदिरे। 'षद्लृ विशरणगत्यवसादनेषु'। अस्मात् गत्यर्थात् कर्मणि लिटि एत्वाभ्यासलोपौ। 'सदिरप्रतेः' इति षत्वम्॥ १३॥

मन्त्रार्थ—सुवर्णमय कवच को धारण करनेवाले आदित्यरूपी वरुण अपने पुष्ट शरीर को रश्मि-समुदाय से ढक कर रखते हैं। सम्पूर्ण जगत् को स्पर्श करनेवाली उनकी किरणें सुवर्ण आदि समस्त पदार्थों में व्याप्त रहती हैं॥ १३॥

(*वरुणकी ईश्वर रूपमें स्तुति—*)

न यं दिप्सन्ति दिप्सवो न द्रुह्वाणो जनानाम्।
न देवमभिमातयः॥ १४॥

[पदानि]—न। यम्। दिप्सन्ति। दिप्सवः। न। द्रुह्वाणः। जनानाम्। न। देवम्। अभिऽमातयः॥ १४॥

सा० भा०—दिप्सवः हिंसितुमिच्छन्तो वैरिणः *यं* वरुणं *न दिप्सन्ति* भीताः सन्तो हिंसतुमिच्छां परित्यजन्ति। *जनानां* प्राणिनां *द्रुह्वाणः* द्रोग्धारोऽपि यं वरुणं प्रति न द्रुह्यन्ति। *अभिमातयः* पाप्मानः। 'पाप्मा वा अभिमातिः' (तै० सं० २।१।३।५) इति श्रुत्यन्तरात्। देवं तं वरुणं न स्पृशन्ति। दिप्सन्ति 'दम्भु दम्भे'! अस्मात् सनि 'सनीवन्तर्ध०' (पा० सू० ७।२।४९) इत्यादिना इडभावः। 'हलन्ताच्च' (पा० सू० १।२।१०) इत्यत्र हलग्रहणस्य जातिवाचित्वात् सनः कित्त्वात् 'दम्भ इच्च' (पा० सू० ७।४।५६) इति दकारात् परस्य अकारस्य इकारः। 'अनिदिताम्' इति न लोपः। भष्भावाभावश्छान्दसः (पा० सू० ८।२।३७)। 'अत्र लोपोऽभ्यासस्य' (पा० स० ७।४।५८) इति अभ्यासलोपः। शपः पित्त्वादनुदात्तत्वम्। तिङश्च लसार्वधातुकस्वरेण सनो नित्त्वात् नित्स्वरेणाद्युदात्तत्वम्। यद्वृत्तयोगात् अनिघातः। दिप्सवः। सनन्तात् दम्भेः 'सनाशंसभिक्ष उः' (पा० सू० ३।२।१६८) इति उप्रत्ययः। प्रत्यय-

स्वरः । द्रुह्वाणः द्रुह जिघांसायाम्' । 'अन्येभ्योपि दृश्यन्ते' इति क्वनिप् । प्रत्ययस्य पित्त्वादनुदात्तत्वे धातुस्वरेणाद्युदात्तत्वम् ॥ १४ ॥

मन्त्रार्थ—सर्वदा प्राणियों की हिंसा करने के इच्छुक क्रूर जन्तु भी भयभीत होकर वरुण के प्रति हिंसा की इच्छा छोड़ देते हैं। प्राणियों से अकारण द्वेष करनेवाले सिंह, व्याघ्र आदि भी वरुण के प्रति द्रोहभाव छोड़ देते हैं। वरुण में ईश्वरत्व होने के कारण पुण्य एवं पाप भी उन्हें स्पर्श नहीं करते हैं॥ १४ ॥

(वरुणकी भक्तवत्सलता—)

उत यो मानुषेष्वा यशश्चक्रे असाम्या ।
अस्माकमुदरेष्वा ॥ १५ ॥

[पदानि] उत । यः । मानुषेषु । आ । यशः । चक्रे । असामि । आ । अस्माकम् । उदरेषु । आ ॥ १५ ॥

सा० भा०—*उत* अपि च *यः* वरुणः *मानुषेषु यशः* अन्नम् *आ* चक्रे सर्वतः कृतवान्। स वरुणः कुर्वन्नपि आ सर्वतः असामि सम्पूर्णं चक्रे न तु न्यूनं कृतवान्। विशेषतः *अस्माकम् उदरेषु आ* सर्वतः चक्रे। मानुषेषु। 'मनोर्जातावञ्यतौ षुक् च' (पा० सू० ४।१।१६१) इति अञ्। ञ्नित्यादिर्नित्यम्' इत्याद्युदात्तत्वम्। चक्र। प्रत्ययस्वरः। *असामि*। 'अव्यये नञ्कुनिपातानामिति वक्तव्यम्' (पा० सू० ६।२।२-३) इति अव्ययपूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वम्। यशः। 'अशेर्युट् च' (उ० सू० ४।६३०) इति असुन्। उदरेषु। 'उदि दृणातेरजलौ पूर्वपदान्त्यलोपश्च (उ० सू० ५-६९७) इति अल्। लित्स्वरः। 'गतिकारकोपपदात्' इत्युत्तरपदप्रकृतिस्वरत्वम् ॥ १५ ॥

मन्त्रार्थ—जिन वरुणने वृष्टि द्वारा मनुष्यों के जीवनार्थ नाना प्रकार के अन्नों को पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न किया है, उन्हीं वरुण ने विशेषकर हम वरुणोपासक जनों की उदरपूर्ति के लिये पर्याप्त रूप में अन्न उत्पन्न किया है॥ १५ ॥

(*शुनःशेपकी अनन्यशरणागति—*)

परा मे यन्ति धीतयो गावो न गव्यूतीरनु ।
इच्छन्तीरुरुचक्षसम् ॥ १६ ॥

[पदानि]—परा । मे । यन्ति । धीतयः । गावः । न । गव्यूतीः । अनु । इच्छन्तीः । उरुऽचक्षसम् ॥ १६ ॥

सा०भा०–*उरुचक्षसं* बहुभिर्द्रष्टव्यं वरुणं *इच्छन्तीः मे धीतयः* शुनःशेपस्य बुद्धयः *परा यन्ति* पराङ्मुखा निवृत्तिरहिता गच्छन्ति । तत्र दृष्टान्तः । *गावो न* । यथा गावः *गव्यूतीरनु* गोष्ठानि अनुलक्ष्य गच्छन्ति तद्वत् । गव्यूतीः । गावोऽत्र यूयन्ते इति अधिकरणे क्तिन् । 'गोर्यूतौ छन्दसि' (पा० सू० ६।१।७६।२) इति अवादेशः । दासीभारादित्वात् पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वम् । यद्वा । यूतिः यवनम् । गवां यवनमत्रेति बहुव्रीहौ पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वम् । इच्छन्तीः । 'इषु इच्छायाम्' । लटः शतृ । तुदादिभ्यः शः' । 'इषुगमियमां छः' (पा० सू० ७।३।७७) इति छत्वम् । अदुपदेशात् लसार्वधातुकानुदात्तत्वे विकरणस्वरः शिष्यते ॥ १६ ॥

मंत्रार्थ—जिस प्रकार गौवें अपने गोष्ठ (गोशाला) में पहुँच जाती हैं और दिन रात भी वहाँ से टलती नहीं, उसी प्रकार पुण्यात्मा लोगों के दर्शनीय वरुणदेव (परमेश्वर) को चाहती हुई हमारी (शुनःशेष की) बुद्धिवृत्तियाँ निवृत्ति से रहित होकर वरुण में लग रही हैं ॥ १६ ॥

(*परस्पर भावनाका प्रदर्शन—*)

सं नु वोचावहै पुनर्यतो मे मध्वाभृतम् ।
होतेव क्षदसे प्रियम् ॥ १७ ॥

[पदानि]—सम् । नु । वोचावहै । पुनः । यतः । मे । मधु । आऽभृतम् । होताऽइव । क्षदसे । प्रियम् ॥ १७ ॥

सा० भा०—*यतः* यस्मात् कारणात् *मे* मज्जीवनार्थं *मधु* मधुरं हविः

आभृतं अञ्जःसवाख्ये कर्मणि संपादितम्, अतः कारणात् होतेव होमकर्तेव त्वमपि *प्रियं* हविः *त्वदसे* अश्नासि । पुनः हविः स्वीकारादूर्ध्वं तृप्तस्त्वं जीवन्नहं च नु अवश्यं *सं वोचावहै* संभूय प्रियवार्त्तां करवावहै । वोचावहै । लोडर्थे छान्दसे लुङि ब्रुवो वचिः । 'अस्यतिवक्ति' इति च्लेः अङादेशः । 'वच उम्' इति उमागमे गुणः । व्यत्ययेन टेः ऐत्वम् । यद्वा । लोट एव लुङादेशः । स्थानिवद्भावात् ऐत्वम् । आभृतम् । 'हृग्रहोर्भः' । 'गतिरनन्तरः' गतेः प्रकृतिस्वरत्वम् ॥ १७ ॥

मंत्रार्थ—हे वरुण ! मेरे जीवन रक्षार्थ दुग्ध, घृतादि मधुर हवि '*अञ्जःसव*' नामक यज्ञ में सम्पादित किया गया है, अतः हवनकर्ता जिस प्रकार हवन के बाद मधुर दुग्धादि पदार्थों का भक्षण करता है उसी प्रकार, आप भी घृतादि प्रिय हवि भक्षण करते हैं । हवि के स्वीकार से तृप्त आप और जीवित मैं—दोनों एकत्रित होकर प्रिय वार्तालाप करें ॥ १७ ॥

(शुनःशेपको आशाकी झलक मिलना—)

दर्शं नु विश्वदर्शतं दर्शं रथमधि क्षमि ।
एता जुषत मे गिरः ॥ १८ ॥

[पदानि] दर्शम् । नु । विश्वऽदर्शतम् । दर्शम् । रथम् । अधि । क्षमि । एताः । जुषत । मे । गिरः ॥ १८ ॥

सा० भा०—*विश्वदर्शतं* सर्वैर्दर्शनीयम् अस्मदनुग्रहार्थमत्राविर्भूतं वरुणं *दर्शं नु* अहं दृष्टवान् खलु । *क्षमि* क्षमायां भूमौ *रथं* वरुणसम्बन्धिनम् *अधि दर्शम्* आधिक्येन दृष्टवानस्मि । *एता* उच्यमाना *मे गिरो* मदीयाः स्तुतिः *जुषत* वरुणः सेवितवान् ॥ दर्शम् । दृशेः । 'इरितो वा' (पा० सू० ३।१।५७) इति च्लेः—अङादेशः । 'ऋदृशोऽङि गुणः' (पा० सू० ७।४।१६) इति गुणः । विश्वदर्शतम् । दृशेः 'भृमृदृशि' इत्यादिना अतच्प्रत्ययान्तो दर्शतशब्दः । मरुद्वृधादित्वात् पूर्वपदान्तोदात्तत्वम् (पा० सू० ६।२।१०६।२) । यद्वा । विश्वं दर्शनीयमस्येति बहुव्रीहिः । 'बहु-

त्रीहौ विश्वं संज्ञायाम्' इति पूर्वपदान्तोदात्तत्वम्। चमि। 'आतो धातोः' (पा० सू० ६।४।१४०) इत्यत्र आतः इति योगविभागात् आकार-लोपः ॥ १८ ॥

मंत्रार्थ—सभी के देखने योग्य तथा मेरे अनुग्रहार्थ आविर्भूत होनेवाले वरुण देव का मैंने साक्षात्कार किया है। मैंने पृथ्वी पर उनके रथ को भलीभाँति देखा है। मेरी इन स्तुति रूप वाणियों को वरुणदेव ने श्रवण किया है ॥ १८ ॥

वरुणप्रघासेषु 'इमं मे वरुण' इति वारुणस्य हविषः अनुवाक्या। 'पञ्चम्यां पौर्णमास्याम्' इति खण्डे सूत्रितम्—'इमं मे वरुण श्रुधि तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानः' (आश्व० श्रौ० २।१७) इति ॥

(वरुणसे अपनी रक्षाके लिए याचना—)

इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृडय।
त्वामवस्युरा चके ॥ १९ ॥

[पदानि] इमम्। मे। वरुण। श्रुधि। हवम्। अद्य। च। मृडय। त्वाम्। अवस्युः। आ। चके ॥ १९ ॥

